


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 187

ग्वालियर, सोमवार, 28 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## भारत में बनी चीजों की दुनिया में डिमांड एक्सपोर्ट में हासिल की उपलब्धि: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना मासिक रेडियो कार्यक्रम %मन की बात% कर रहे हैं। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने भारत में बनी चीजों की दुनिया में डिमांड, एक्सपोर्ट में हासिल की उपलब्धि पर बात की। प्रधानमंत्री का रेडियो संबोधन हर महीने के आखिरी रविवार को होता है। उन्होंने हर बार की तरह इस बार के कार्यक्रम के लिए भी आम जनता से उनके सुझाव और शिकायतें मांगी थीं। लोगों ने भारी संख्या में अपनी शिकायतें-सुझाव सोशल मीडिया के माध्यम से पेश किए हैं। इस रेडियो कार्यक्रम की यह 87वीं कड़ी है। इसका सीधा लाइव प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनल पर किया जाएगा। पीएम ने अपने कार्यक्रम में कहा कि हमारा देश ने 30 लाख करोड़ का निर्यात किया है जो कि ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि भारत ने 400 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल कर लिया है। यह भारत की क्षमताओं को दर्शाता है। इसका मतलब है कि दुनिया में भारतीय सामानों की मांग बढ़ रही है। पीएम मोदी ने कहा कि एक समय में भारत से एक्सपोर्ट का आंकड़ा कभी 100 बिलियन, कभी डेढ़ सौ बिलियन तक हुआ करता था, आज भारत 400 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।



जिसका साफ मतलब ये है कि भारत में बने सामानों का डिमांड बढ़ रहा है संबोधन के दौरान पीएम ने बाबा शिवानंद का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए पद्म पुरस्कारों में आपने बाबा शिवानंद को देखा ही होगा, उनके जोश और फिटनेस को देखकर हर कोई हैरान था। उनका स्वास्थ्य देश में चर्चा का विषय है। उन्हें योग का शौक है। उन्होंने कहा कि हमने देखा होगा कि कतर के एक योग कार्यक्रम में 114 देशों ने भाग लेकर इतिहाक बना दिया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान स्टार्टअप वर्ल्ड का भी जिक्र किया। मन की बात में उन्होनें चंद्र किशोर पाटिल का जिक्र किया, उन्होंने कहा कि उनका स्वच्छता को लेकर किया गया काम सराहनीय है। वह गोदावरी नदी में लोगों को कचड़ा फेंकने से रोकते हैं। उन्होंने कहा कि पाटिल जी का ये काम लोगों के लिए प्रेरणा है। संबोधन के दौरान पीएम ने बाबा शिवानंद का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए पद्म पुरस्कारों में आपने बाबा शिवानंद को देखा ही होगा।, उनके जोश और फिटनेस को देखकर हर कोई हैरान था। उनका स्वास्थ्य देश में चर्चा का विषय है। उन्हें योग का शौक है। उन्होंने कहा कि हमने देखा होगा कि कतर के एक योग कार्यक्रम में 114 देशों ने भाग लेकर इतिहाक बना दिया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान स्टार्टअप वर्ल्ड का भी जिक्र किया। मन की बात में उन्होनें चंद्र किशोर पाटिल का जिक्र किया, उन्होंने कहा कि उनका स्वच्छता को लेकर किया गया काम सराहनीय है।

## बसपा की हार के कारण जानने में जुटीं बसपा चीफ मायावती

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव में सभी 403 सीट पर प्रत्याशी उतारने के बाद सिर्फ एक पर ही जीत हासिल करने वाली बहुजन समाज पार्टी की परेशानी बढ़ गई है। 2007 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली बसपा



प्रत्याशियों के हार का कारण जानने के लिए पार्टी की मुखिया मायावती ने सभी प्रत्याशियों के साथ पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को भी तलब किया है। माना जा रहा है कि बसपा मुखिया लखनऊ में होने वाली इस बैठक में कुछ बड़े फैसले भी ले सकती हैं। मायावती उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के खराब प्रदर्शन को लेकर समीक्षा करेंगी। इसी कारण उन्होंने बसपा से चुनाव लड़े सभी प्रत्याशी व पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। बहुजन समाज पार्टी के चुनाव में मात्र एक विधानसभा सीट तक सिमटने को लेकर राजनीति के बड़े पंडित भी काफी हैरान हैं। 403 विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रत्याशी उतारने वाली बसपा को सिर्फ बलिया की रसड़ा सीट पर ही जीत मिली है।

## विश्व के नियोजित शहरों की श्रेणी में सबसे विकसित शहर चंडीगढ़ : शाह



**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ पहुंचकर विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। इस दौरान पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित भी मौजूद रहे। विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद अमित शाह ने कहा कि, नगर निगम में भाजपा को फिर सेवा मौका दिया है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ विश्व इतिहास में नियोजित शहरों की श्रेणी में सबसे विकसित शहर है। मैं चंडीगढ़ प्रशासन को बधाई देता हूं कि उन्होंने चंडीगढ़ में बदलाव के साथ चलने का क्रम बनाया है। उन्होंने कहा मैंने यहां कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मैं आज यह जरूर बताना चाहता हूं कि चंडीगढ़ आने वाले दिनों में देश का सबसे डिसिप्लिन्ड और आधुनिक शहर बनने वाला है। उल्लेखनीय है कि अमित शाह ने रविवार को वाणिज्य महाविद्यालय के छात्रावास प्रखंड, पुलिस कर्मियों के लिए 240 आवास निर्माण की परियोजना और एक बस डिपो-सह-कार्यशाला की भी आधारशिला रखी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री के साथ पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित भी थे। आईसीसीसी परियोजना के तहत यातायात उल्लंघन पर नजर रखने के लिए शहर में 2,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने पुतिन को ललकारा, कहा- NATO की सीमा में एक इंच भी घुसे तो खैर नहीं



**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को करीब पांच सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है। दोनों देश पीछे हटने को राजी नहीं है। दोनों देशों के युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस को खबरदार किया है। उन्होंने कहा है कि रूस नाटो की सीमा में एक इंच घुसने की नहीं सोचे वरना इसके परणिाम अच्छे नहीं होंगे। युद्ध या तीसरे विश्व युद्ध का नाम लिए बगैर बाइडन ने पुतिन को ललकारा है। यह पहली बार है जब बाइडन ने रूस के खिलाफ सख्त चेतावनी दी है। खास बात यह है कि नाटो संगठन की बैठक के बाद बाइडन का यह बयान सामने आया है। यूक्रेन संघर्ष के दौरान यह रूस के लिए एक गाइडलाइन है। बाइडन ने साफ कर दिया है कि रूसी सेना को यूक्रेन तक ही सीमित रहना होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि नाटो एकजुट है। उसे तोड़ा नहीं जा सकता है। आखिर बाइडन के तेवर अचानक क्यों सख्त हुए इसके पीछे बड़ी वजह क्या है क्या रूसी राष्ट्रपति पुतिन पर बाइडन के इस चेतावनी का असर होगा

वैदेशिक मामलों के जानकार प्रो हर्ष वी पंत का कहना है कि नाटो सदस्य देशों की बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन का यह बयान काफी अहम है। नाटो सदस्य देशों की चिंता को दूर करने के लिए बाइडन का यह बयान जारी किया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के आक्रामक तेवर ने यूक्रेन से सटे राष्ट्रों में एक हलचल पैदा कर दी है। वह कहीं न कहीं अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। चूंकि अमेरिका नाटो संगठन का एक प्रमुख देश है। ऐसे में बाइडन का यह बयान लाजमी है। उन्होंने यह बयान देकर जहां पुतिन को सावधान किया है वहीं इसका असर नाटो के सदस्य देशों के लिए भी विश्वास दिलाने वाला होगा। उन्होंने कहा कि पुतिन यूक्रेन को लेकर आरपार की लड़ाई के मूड में दिख रहे हैं। इसलिए पुतिन कह चुके हैं कि इस युद्ध में जो शामिल होगा उसको रूसी मिसाइलों का सामना करना होगा। उनका इशारा साफ था कि यह जंग यूक्रेन और रूस के बीच है। इसमें नाटो और अमेरिका को बीच में पड़ने की जरूरत नहीं है। इसी को आधार मानकर अमेरिका ने भी चीन को चेतावनी दी थी अगर उसने रूस का सहयोग किया तो उसके टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। बाइडन की इस चेतावनी को पुतिन के चेतावनी से जोड़कर देखा गया था। लेकिन रूस ने यूक्रेन के साथ जंग में जब परमाणु विंग को अलर्ट पर किया तो नाटो की चिंता बढ़ गई। नाटो सदस्य देश जानते हैं कि अगर रूस ने यूक्रेन पर परमाणु युद्ध शुरू किया तो इसकी आंच उन तक जरूर पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि पुतिन ने रूसी परमाणु मिसाइल विंग को अलर्ट जारी करने के बाद ही नाटो सदस्य देशों की बैठक शुरू हुई। इसके बाद ही नाटो सेना को यूक्रेन से सटे हुए देशों में तैनात किया गया। अब इंतजार रूस के अगले कदम का है। अगर पुतिन इस युद्ध में यूक्रेन के खिलाफ परमाणु बम का इस्तेमाल करते हैं तो यह युद्ध यूक्रेन और रूस के बीच तक सीमित नहीं रहेगा। ऐसे में नाटो सेना को आगे आने होगा। यदि नाटो सेना युद्ध में शामिल हुई तो अमेरिका को अनायास इस जंग का हिस्सा बनना होगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि अब गेंद पुतिन के पाले में हैं कि वह क्या फैसला लेते हैं। प्रो पंत ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन इस जंग को वैचारिक आधार दे रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने पुतिन को हटाने का आह्वान करते हुए कहा कि वह व्यक्ति सत्ता में नहीं रह सकता। बाइडन ने पोलैंड की राजधानी वारसा में अपने भाषण का इस्तेमाल उदार लोकतंत्र और नाटो सैन्य गठबंधन का बचाव करने के लिए किया। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप को रूसी आक्रामकता के खिलाफ लंबे संघर्ष के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। उन्होंने पोलैंड में जन्मे पोप जान पाल द्वितीय के कहे शब्दों का जिक्र किया और चेतावनी दी कि यूक्रेन पर पुतिन के आक्रमण से दशकों लंबे युद्ध का खतरा है। बाइडन ने कहा कि इस लड़ाई में हमें स्पष्ट नजर रखने की जरूरत है।

### यूक्रेन के लवीव शहर पर रूस की बमबारी, धुएं से ढ़का आसमान



**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध 32 दिन बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। हमलों से यूक्रेन छलनी हो रहा है। हालांकि, यूक्रेन ने भी रूस पर जवाबी कार्रवाई की है। वहीं, युद्धग्रस्त यूक्रेन को अमेरिका 100 मिलियन डालर की नई सुरक्षा सहायता देगा। इस सहायता का उद्देश्य यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्रालय की सीमा सुरक्षा प्रदान करने, कानून प्रवर्तन कार्यों को बनाए रखने और महत्वपूर्ण सरकारी बुनियादी ढांचे की रक्षा करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए है। साथ ही जो बाइडन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को पोलैंड में %कसाई% कहकर संबोधित किया है। बाइडेन ने यह भी कहा कि रूस यूक्रेन युद्ध अब अपने दूसरे महीने में पहुंच गया है। इस युद्ध ने

## दिव्य प्रेम सेवा मिशन का कार्य सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण : राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद



**देहरादून।** देश के शीर्ष पद पर विराजमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द रविवार को हरिद्वार में दिव्य सेवा प्रेम मिशन के रजत जयंती के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान राष्?ट्रपति ने कहा कि इस मिशन के साथ 25 साल की मेरी यादें ताजा हो रही हैं। कभी मैंने भी कल्पना नहीं की थी कि आशीष जी में सेवा की जो संकल्पना है, वह इस रूप में साकार होगी। कहा कि आशीष गौतम ने प्रयागराज से 25 साल पहले हरिद्वार आकर सेवा की नींव रखी, यह आसान काम नहीं था। उन्होंने सेवा की एक मिसाल कायम की है। मुझे यहां आकर प्रसन्नता हो रही है, सेवा के बीज का रोपण करने में मेरी छोटी सी भूमिका रही है, वह आज वट वृक्ष बन चुका है। कहा कि राज्यसभा सांसद बनने के बाद मेरी पहली यात्रा हरिद्वार की हुई, राष्ट्रपति बना तो उत्तराखंड आने पर सबसे पहली यात्रा हरिद्वार में मिशन की इस भूमि पर हुई।

उत्तराखंड की पावन भूमि की महिमा अनंत है। प्राचीन काल से लोग यहां धर्म और अध्यात्म के लिए आते रहे हैं। हरिद्वार भगवान विष्णु और शंकर दोनों की प्राप्ति का स्थान है। पतित पावनी गंगा इसकी साक्षी व मोक्षदायिनी भी है। उत्तराखंड की इस पावन धरती की महिमा अनन्य है, प्राचीन काल से ही लोग इस पवित्र भूमि पर पहुंचकर शांति और ज्ञान प्राप्त करते थे। मां गंगा के इस पवित्र परिक्षेत्र में आकर भारत की अतुलनीय आध्यात्मिक परंपरा को मैं बार-बार नमन करता हूं। कहा कि अध्यात्म के मार्ग पर चलते हुए दिव्य प्रेम सेवा मिशन की स्थापना की गई। स्वतंत्रता के बाद हमारे संविधान ने अश्पृश्यता का अंत किया।

## पाकिस्तान और जम्मू-कश्मीर के लोगों से बात किए बिना शांत नहीं हो सकती घाटी: महबूबा मुफ्ती

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने एक बार फिर कहा है कि पाकिस्तान से बात किए बिना कश्मीर का मुद्दा सुलझाना संभव नहीं है। महबूबा मुफ्ती ने बीजेपी सरकार से अनुरोध किया है कि कश्मीर का मुद्दा सुलझान के लिए पाकिस्तान और जम्मू-कश्मीर के लोगों से बात करें। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कश्मीर के लोग पिछले 70 सालों से समाधान के इंतजार में हैं। उन्होंने कहा कि घाटी में तबतक शांति बहाल नहीं हो सकती जबतक कश्मीर का मुद्दा सुलझ नहीं जाता। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मुद्दा सुलझाने के लिए जरूरी है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ-साथ पाकिस्तान से भी बात की जाए। महबूबा मुफ्ती ने रामबान इलाके में अपने



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों प्रधामंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी पाकिस्तान जा चुके हैं। लेकिन जब पीडीपी कहती है कि पाकिस्तान से बात करनी चाहिए तो बीजेपी व्याकुल हो जाती है। महबूबा मुफ्ती ने बीजेपी पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि अगर धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में सब ठीक है तो घाटी में 10 लाख फौजी क्या कर रहे हैं? पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन यानी पीएजीडी को वोट देने की अपील करते हुए महबूबा मुफ्ती ने कहा कि बीजेपी चुनाव जीतकर अपने गलत काम को सही साबित करना चाहती है। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर बने नशरी टनल का नाम बदलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखने को लेकर उन्होंने कहा कि टनल का नाम किसी स्थानीय नेता के नाम पर होता तो ठीक रहता। कश्मीरी लोगों को आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर बीजेपी के हाथों से फिसल रहा है। इससे पहले कि वो पूरी तरह सरकार के हाथ से बाहर हो जाए, सरकार को चाहिए कि वो जम्मू-कश्मीर के लोगों और पाकिस्तान के साथ बात कर कश्मीर का मुद्दा सुलझाए।

## इमरान खान के इस्लामाबाद रैली में इस्तीफा देने की अटकलें

- पीएमओ यूट्यूब चैनल का नाम बदल कर इमरान खान किया गया
- इमरान खान, उनकी पत्नी पर छह अरब पाक रुपये की रिश्वत का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की कुर्सी खतरे में है। उनकी सरकार के खिलाफ पाकिस्तान की संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होनी है। इससे पहले इमरान खान ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय नाम से यूट्यूब चैनल के नाम को बदलकर अटकलों का बाजार और गर्म कर दिया। अटकलें लगाई



जा रही हैं कि इमरान रविवार को इस्तीफे का ऐलान कर सकते हैं। दरअसल जिस यूट्यूब चैनल का नाम बदला गया है, उसका नाम पहले %प्राइममिनिस्टर ऑफिस% (पीएमओ) था और ये वेरिफाइड टिक अकाउंट था। अब इसका नाम इमरान खान कर दिया गया है। इस्लामाबाद में रविवार को इमरान खान की रैली से ठीक एक दिन पहले यह बदलाव किया गया है। माना जा रहा है कि आज बुलाई गई रैली इमरान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (रीटीआई) की ओर से ताकत दिखाने की एक कोशिश है। इमरान खान की आज की रैली इस्लामाबाद के परेड ग्राउंड में है। इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद जताई जा रही है। माना जा रहा है कि इसी रैली में इमरान खान जनता के सामने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। इमरान खान और उनकी पार्टी की ओर से भी लोगों को रैली में बड़ी संख्या में शामिल होने की गुजारिश की गई है। कुछ दिन पहले भी इमरान ने एक वीडियो जारी कर लोगों से रैली में आने की अपील की थी।

## खास खबर

### अमेरिका में ऊंचे झूले से नीचे गिरा लड़का, मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के ओरलैंडो शहर में एक ऊंचे झूले से झूलने के दौरान गिरने के कारण एक लड़के की दर्दनाक मौत हो गई। थीम पार्क की जिस राइड से ये लड़का नीचे आकर गिरा उसका नाम %ओरलैंडो फ्री फॉल राइड% है। हादसे के बाद किशोर को अस्?पताल ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। जब ये हादसा हुआ तो लड़के के माता-पिता पास में ही खड़े थे। बताया जाता है कि लड़का 430 फीट की ऊंचाई से करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से नीचे गिरा था। वहीं इस घटना के बाद ये स्?पष्?ट नहीं हो सका है कि लड़के ने सुरक्षा से जुड़ा फीता/ बेल्?ट शरीर पर बांधा था या नहीं। हादसा रात के 11 बजे हुआ। वहीं पार्क के कर्मचारियों ने बताया कि शुरुआत में जब ये किशोर नीचे गिरा तो उनको लगा कि झूले का टुकड़ा गिरा है, लेकिन बाद में ध्?यान से देखा तो नीचे एक लड़का गिरा हुआ पड़ा था। थीम पार्क में ड्रॉप टावर राइड पिछले साल दिसंबर में शुरू हुई थी। इससे पहले 2020 में भी एक हादसा हुआ था, जब एक कर्मचारी एक दूसरी राइड से गिरकर मर गया था। 430 फीट ऊपर जाने के बाद 120 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से ये राइड नीचे आती है। वहीं ये अभी जांच का विषय बना हुआ कि ये किशोर इस राइड से फ्री कैसे हो गया। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। वैसे इस राइड कंपनी की मालिक स्लिंगशॉट ग्रुप है। इसके सीईओ ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम पूरी सुरक्षा के साथ राइड को ऑपरेट करते हैं। सुरक्षा के सारे मानदंड का पालन किया जाता है।

### यूक्रेन बोला- अब तक युद्ध में 16,600 रूसी सैनिक मारे गए

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध का 32वां दिन हो गया है शांति का अता-पता नहीं है। युद्ध के 31वें दिन तक रूस ने यूक्रेन पर लगातार हमले किए। इन हमलों में यूक्रेन को काफी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, यूक्रेन ने भी रूस पर जवाबी कार्रवाई की है। वहीं, युद्धग्रस्त यूक्रेन को अमेरिका 100 मिलियन डालर की नई सुरक्षा सहायता देगा। इस सहायता का उद्देश्य यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्रालय की सीमा सुरक्षा प्रदान करने, कानून प्रवर्तन कार्यों को बनाए रखने और महत्वपूर्ण सरकारी बुनियादी ढांचे की रक्षा करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए है। साथ ही जो बाइडन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को पोलैंड में %कसाई% कहकर संबोधित किया है। बाइडन ने यह भी कहा कि रूस यूक्रेन युद्ध अब अपने दूसरे महीने में पहुंच गया है। इस युद्ध ने पश्चिम को एकजुट कर दिया है।

### थाईलैंड में पाई जाने वाली कीमती मांगुर मछली भदोही पुलिस ने की बरामद

**भदोही।** उत्तरप्रदेश के भदोही जिले में पुलिस व मत्स्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। टीम ने नेशनल हाईवे 19 से दो ट्रकों में 10 लाख रुपए से ज्यादा की कीमत की प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बरामद की है। बरामद मछली तस्करी कर ले जाई जा रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे 19 के जरिए थाई मांगुर मछलियों को दो ट्रकों में लादकर भेजा जा रहा है। मुखबिर की सूचना के बाद क्राइम ब्रांच, गोपीगंज कोतवाली पुलिस और मत्स्य विभाग की संयुक्त टीम ने दोनों ट्रकों को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 9 तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गोपीगंज कोतवाली इलाके से पकड़े गए दोनों ट्रकों में बरामद मछलियों की कीमत 10 लाख रुपया से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि गोपीगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रतिबंधित मछलियों को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जमीन में गहरा गड्ढा खोद कर नष्ट कराया गया है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### पटना-जयपुर के बीच दो नई विमान सेवा शुरू

**पटना।** पटना से जयपुर के लिए 27 मार्च यानी दो नई विमान सेवाएं शुरू हो जाएगी। इंडिगो की फ्लाइट पटना से सीधे जयपुर के लिए उड़ान भरेगी जबकि स्पाइसजेट की फ्लाइट वाराणसी से होकर जयपुर को आएगी जाएगी। दोनों फ्लाइट रविवार से शुरू हो रही हैं और पटना से इनकी हर दिन आवाजाही हो सकेगी। छह माह पहले जयपुर के लिए स्पाइसजेट की विमान सेवा उपलब्ध थी। स्पाइसजेट ने रविवार से इसे फिर से शुरू किया है। इंडिगो की विमान सेवा नई है। इंडिगो की सीधी विमान सेवा होने की वजह से पटना के लोगों को जयपुर आने-जाने में कम समय लगेगा। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 654 जयपुर से दिन 11.10 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 1.10 बजे पटना एयरपोर्ट पर उतरेगी। पटना से जयपुर प्रस्थान करने का समय शाम 5.45 बजे है जो 7.50 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर उतरेगी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### अगले साल से शुरु होगा महिला आईपीएल : बीसीसीआई

मुम्बई । अब अगले साल से भारत में भी महिला क्रिकेटरों के लिए भी आईपीएल शुरु होना तय माना जा रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले साल से छह टीमों के महिला आईपीएल का एक प्रस्ताव रखा था जिसे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की गवर्निंग काउंसिल ने स्वीकार कर लिया। बीसीसीआई के अनुसार महिला क्रिकेटरों के लिए छह टीम वाला एक ट्वेंटी 20 टूर्नामेंट शुरू होगा। इसमें पहली वरीयता वर्तमान आईपीएल फ्रेंचाइजी टीमों को दी जाएगी हालांकि इस साल सामान्य महिला ट्वेंटी-20 मुकाबले वाला टूर्नामेंट ही खेला जाएगा। गवर्निंग काउंसिल के अनुसार देश में महिला आईपीएल क्रिकेट के लिए अच्छी संभावनाएं हैं। इसके तहत आईपीएल की वर्तमान फ्रेंचाइजी से पूछा जाएगा कि क्या उनके पास महिला टीम हो सकती है। इस टीम की संभावना समाप्त होने के बाद ही बीसीसीआई अन्य पार्टियों को फ्रेंचाइजी लेने के लिए बुलाएगी। पिछले काफी साल से देश में महिला आईपीएल की मांग की जा रही है। इससे उभरती हुई महिला क्रिकेटरों को आगे आने का मंच मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें दुनिया भर की खिलाड़ियों के साथ खेलने का भी अवसर मिलेगा।

### आईसीसी ने हमजा पर प्रतिबंध लगाया

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने डोप टेस्ट में विफल रहने के कारण दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज जुबैर हमजा पर अस्थायी रुप से प्रतिबंध लगा दिया है। हमजा पर यह पाबंदी इसलिए लगायी गयी है क्योंकि जांच के लिए गये उनके नमूने में प्रतिबंधित दवा फुरोसेमाइड के अंश मिले हैं। आईसीसी ने अपने एक बयान में कहा कि हमजा को डोपिंग निरोधक नियम के उल्लंघन के कारण अस्थायी रुप से निलंबित किया गया है। उन्हें 17 जनवरी 2022 को हुई जांच में फुरोसेमाइड के सेवन का दोषी पाया गया था। ऐसे में अब वह अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक वह निलंबित रहेंगे। आईसीसी ने कहा कि हमजा के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

### सूजी पांच हजार रन बनाने वाली न्यूजीलैंड की पहली महिला क्रिकेटर बनी

क्राइस्टचर्च । न्यूजीलैंड की अनुभवी सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 2022 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के आखिरी लीग मैच में 126 रन की शतकीय पारी खेलने के दौरान ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। सूजी एकदिवसीय क्रिकेट में पांच हजार रन बनाने वाली विश्व की चौथी और न्यूजीलैंड की पहली महिला क्रिकेटर बन गईं हैं। सूजी के अलावा उनकी ही साथी खिलाड़ी एमी सैटरथवेट के नाम 4639 एकदिवसीय रन हैं। इस बल्लेबाज के नाम अब 5045 एकदिवसीय रन हैं। वहीं भारतीय टीम की कप्तान मिताली राज 7737 रनों के साथ इस सूची में पहले, इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स 5992 रनों के साथ दूसरे और वेस्ट इंडीज की स्टेफनी टेलर 5250 रनों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। बेट्स की शतकीय पारी से ही कीवी टीम ने शनिवार को इस मैच में पाकिस्तान को हराया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 265 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 266 के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम नौ विकेट पर 194 रन ही बना पायी।

**दोपहर 3.30 बजे से शुरु होगा मैच**

# मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला शुरु



मुंबई । रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले मैच में रविवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से मुकाबला होगा। पांच बार की विजेता मुम्बई इस मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। इस टीम के पास कप्तान रोहित के अलाव ईशान किशन, कीरोन पोलार्ड और जसप्रीत बुमराह जैसे शानदार खिलाड़ी हैं। वहीं दिल्ली को भी कम नहीं आंक सकते। इस टीम की कप्तानी आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के पास है। ऋषभ अपनी बल्लेबाजी से कभी भी मैच का रुख पलटने में सक्षम हैं। वह अपनी टीम को जीत दिलाकर अपनी नेतृत्व क्षमता भी दिखाना चाहेंगे। मुम्बई की ओर से पारी की शुरुआत रोहित के साथ ही ईशान किशन करेंगे। ऐसे में दिल्ली के गेंदबाजों के सामने इस आक्रामक सलामी जोड़ी पर अंकुश लगाना बड़ी चुनौती होगी , मुम्बई को हालांकि पहले मैच में आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की कमी खलेगी। सूर्यकुमार चोटिल होने के कारण इस मैच से बाहर हैं। ऐसे में उनकी जगह फेबियन एलेन को शामिल किया गया है। मुंबई की कमजोर कड़ी मध्यक्रम हैं जिसमें केवल पोलार्ड ही अनुभवी खिलाड़ी हैं। इसमें एक अन्य युवा बल्लेबाज को भी जगह मिलनी हैं जिसके लिए तिलक वर्मा, टिम डेविड और दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस भी कतार में हैं। जहां तक तेज गेंदबाजी की बात है , इसकी जिम्मेदारी बुमराह पर रहेगी। इसके अलावा तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट भी इस मैदान पर दिल्ली के बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। इसके अलावा स्पिन की बात करें तो टीम के पास मयंक मार्कण्डेय और मुरूगन अश्विन जैसे स्पिनर हैं। वहीं दूसरी ओर दिल्ली की पारी की शुरुआत ऋषभ और युवा पृथ्वी शॉ करेंगे। इसका कारण है कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर अभी टीम से नहीं जुड़े हैं। वार्नर अभी ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ पाकिस्तान में हैं। ऐसे कप्तान ऋषभ को अपनी टीम की ओर से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टीम के पास आक्रामक बल्लेबाज रोवमैन पावेल, सरफराज खान के अलावा यश धुल जैसे बल्लेबाज मध्यक्रम में हैं। ऐसे में टीम को एक बड़े स्कोर की उम्मीद रहेगी जिससे वह मुम्बई पर दबाव बना सके। टीम के पासा ऑलरउंडर शारदुल ठाकुर और अक्षर पटेल जैसे अच्छे खिलाड़ी भी हैं। स्पिन की कमान कुलदीप यादव के पास रहेगी जबकि तेज गेंदबाजी की कमान एनरिच नॉर्किया के पास रहेगी। इसके साथ ही टीम के पासा मुस्ताफिजूर रहमान और कमलेश नागरकोटी जैसे युवा गेंदबाज भी हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिंह, राहुल बुद्धी, रमनदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, बासिल थम्पी, रितिक शोकीन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट, जोफ्रा आर्चर, मयंक मार्कण्डेय,मुरूगन अश्विन, रिले मेरेडिथ, टायमल मिल्स, अर्शद खान, डेनियल सैम्स, डेवाल्ड ब्रेविस, फेबियन एलेन, कीरोन पोलार्ड, संजय यादव, आर्यन जुयाल और ईशान किशन।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), अश्विन हेब्बार, डेविड वॉर्नर, मनदीप सिंह, पृथ्वी शॉ, रोवमैन पावेल, एनरिच नॉर्किया, चेतन सकारिया, खलील अहमद, कुलदीप यादव, लुंगी एंगिडि, मुस्ताफिजूर रहमान, शारदुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कमलेश नागरकोटी, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, रिपल पटेल, सरफराज खान, विकी ओस्तवाल, यश धुल, केएस भरत, टिम सीफर्ट।

### विश्व बैडमिंटन फेडरेशन ने चार चीनी एथलीटों पर प्रतिबंध लगाया

कुआलालंपुर । विश्व बैडमिंटन फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) ने नियमों के उल्लंघन के आरोप में चार चीनी एथलीटों पर प्रतिबंध के साथ ही जुर्माना भी लगाया है। यह प्रतिबंध तीन महीने के लिए रहेगा। जिन खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। वे हैं हे जितिंग, टैन कियांग, ली जुन्हुई (अब सेवानिवृत्त) और लियू युचेन। इनपर सट्टेबाजी, दांव लगाने और अनियमित मैच परिणामों के साथ ही बीडब्ल्यूएफ नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। फेडरेशन की सुनवाई समिति ने प्रत्येक खिलाड़ी को बैडमिंटन से संबंधित सभी गतिविधियों से तीन महीने के लिए प्रतिबंधित किया है पर 25 जनवरी, 2022 से शुरू होने वाली दो साल की अवधि वाली सजा को निलंबित कर दिया हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, यदि दो साल के अंदर नियमों का उल्लंघन होता है तो तीन महीने के प्रतिबंध के साथ ही प्रत्येक खिलाड़ी को फूजौ चाइना ओपन 2018 की अपनी पुरस्कार राशि भी गंवानी पड़ेगी। एथलीटों को सूचना के तहत 21 दिनों के अंदर कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) में फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार था पर किसी खिलाड़ियों

## रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज का दूसरा संस्कण जून में खेला जाएगा

मुंबई । देश और दुनिया भर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता जगाने के लिए आयोजित की जा रही टी-20 क्रिकेट लीग (रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज) का दूसरा संस्करण चार जून से शुरु होगा। यह सीरीज तीन जुलाई तक तीन स्थानों लखनऊ, इंदौर और जोधपुर में खेली जाएगी और इसमें मेजबान भारत सहित आठ देशों ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, बंगलादेश, श्रीलंका की टीमें भाग लेंगी। न्यूजीलैंड लीजेंड्स इस सत्र से जुड़ी नई टीम है। वह इस 30 दिवसीय आयोजन के दौरान भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, वेस्ट इंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बंगलादेश और इंग्लैंड लीजेंड्स के साथ जुड़ेगी। यह टूर्नामेंट भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसको लेकर कहा, 'सड़क सुरक्षा विश्व श्रृंखला क्रिकेट के माध्यम से स?क सुरक्षा के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए एक बहुत अच्छी पहल है। हम चाहते हैं कि देश में हर व्यक्ति जागरुक हो और सड़क पर चलते वक्त हर नियम और कानून का पालन करे। ऐसा सुनिश्चित करने के लिए हमें लोगों में जागरुकता पैदा करनी होगी। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह श्रृंखला भारतीय सड़कों पर जीवन बचाने के लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम होगी। वहीं केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आयोजन की सफलता की उम्मीद करते हुए कहा, 'मुझे भरोसा है कि रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देगी और सड़क तथा सड़क सुरक्षा पर लोगों के व्यवहार के प्रति उनकी मानसिकता को प्रभावित करने के लिए एक आदर्श मंच के रूप में काम करेगी।

### भविष्य में भारतीय टीम के सफल कप्तान बनेंगे ऋषभ : पोंटिंग

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के अनुसार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भविष्य में भारतीय टीम के सफल कप्तान बन सकते हैं। ऋषभ आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं जबकि पोंटिंग टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं। पोंटिंग ने कहा कि जिस प्रकार आईपीएल जैसे दबाव वाले टूर्नामेंट में ऋषभ ने पिछले साल दिल्ली की कप्तानी की थी उसे देखकर मुझे भरोसा हो गया था कि भविष्य में वह अंतरराष्ट्रीय टीम का भी कप्तान बन सकता है। पोंटिंग को यह भी लगता है कि ऋषभ और मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा में कई समानताएं हैं। उन्होंने रोहित के ऊपर चढ़ते करियर को देखा है जिसमें वह अपनी टीम को सबसे ज्यादा पांच ट्राफियां दिलाने वाले कप्तान बने।

उन्होंने कहा कि मैंने इसके बारे में हालांकि ज्यादा नहीं सोचा है पर मुझे लगता है कि वे वास्तव में समान हैं। जब रोहित ने मुंबई की कप्तानी शुरू की तो वह काफी युवा था और उसने अपना अंतरराष्ट्रीय करियर लगभग शुरू ही किया था। वह शायद 23-24 वर्ष का होगा और ऋषभ की उम्र भी इतनी ही है। ये दोनों काफी समान हैं और अपने अनुभवों को भी साझा करते रहते हैं।

## बुनियादी ढ़ाचे को बेहतर बनाकर हॉकी भी पहुंचेगी शीर्ष पर : कपिल



मुंबई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि क्रिकेट आज भारत में जिस स्तर पर पहुंचा है उसमें बुनियादी ढांचे की सबसे अहम भूमिका रही है। इसीलिए अगर देश में हॉकी को भी शीर्ष पर पहुंचाना है तो बुनियादी ढ़ाचे को बेहतर बनाना होगा। कपिल ने कहा कि देश में अच्छे बुनियादी ढांचा देने की जरूरत है जिससे बच्चे अपनी पसंद का खेल खेल सकें। उन्होंने कहा कि सुविधाओं बेहतर होने के कारण ही क्रिकेट आज नयी ऊंचाईयों तक पहुंच गया है , इसी प्रकार अगर हम यही सुविधाएं अन्य खेलों को भी उपलब्ध कराये तो वहां भी हमें बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। जैसे हॉकी के लिए अगर 200 अतिरिक्त एस्ट्रो टर्फ के मैदान तैयार किये जायें तो खिलाड़ियों को अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा जिसका लाभ आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों के बाद जो अहम बदलाव आया है वह यह है कि आज माता-पिता अपने बच्चों को मैदान पर लाते हैं और कहते हैं 'इन्हें खिलाड़ी बनाओ। हमारे समय में, किसी भी माता-पिता के पास अपने बच्चों को मैदान पर लाने के लिए समय नहीं था। आज वे हमारे पास आते हैं और पूछते हैं कि क्या वे आईपीएल में खेल सकते हैं या फिर वे भारत के लिये खेल सकते हैं? वहीं दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा कि मुझे लगता है कि ज्यादातर लोग समझते है कि ओलंपिक पदक शारीरिक फिटनेस की बदौलत जीते जाते हैं। वे सोचते हैं कि विश्व कप जीतने में तकनीक अहम होती है पर सही बात यह है कि यह केवल आपके दिमाग से होता है जो तय करता है कि आप जीतोगे या हारोगे।

## व्यापार न्यूज

### यात्रा ऑनलाइन ने आईपीओ की मंजूरी के लिए आवेदन किया

मुंबई । यात्रा सेवाएं देने वाली कंपनी यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सेबी के समक्ष मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। निर्गम के दौरान कंपनी 750 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा 93,28,358 इक्विटी शेयरों की खुली बिक्री पेशकश भी की जाएगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के समक्ष दाखिल कागजों के मुताबिक, यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड आईपीओ से जुटाई जाने वाली राशि का इस्तेमाल रणनीतिक निवेश, अधिग्रहण और कारोबार वृद्धि के लिए करेगी। यात्रा ऑनलाइन की मूल कंपनी यात्रा ऑनलाइन इंक अमेरिकी बाजार नैसडेक में सूचीबद्ध है। खुली बिक्री पेशकश के तहत कंपनी टीएचसीएल ट्रैवल होल्डिंग्स साइप्रस लिमिटेड के 88,96,998 इक्विटी शेयरों और पंडारा ट्रस्ट के 4,31,360 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश करेगी। इसके अलावा कंपनी 145 करोड़ रुपये तक के निजी शेयर आवंटन के बारे में भी सोच सकती है।

### आकाश एयर की पहली उड़ान जून 2022 में शुरू होगी: सीईओ

हैदराबाद । राकेश झुनझुनवाला-प्रवर्तित एयरलाइन आकाश एयर ने इस साल जून से अपना वाणिज्यिक परिचालन शुरु करने की उम्मीद है। आकाश एयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय दुबे ने कहा कि जून के महीने में एयरलाइन की पहली वाणिज्यिक उड़ान शुरू होने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा,''हम सभी नियामकीय शर्तों को पूरा करने और परिचालन के लाइसेंस के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में एयरलाइन के पास 72 विमानों का बेड़ा खड़ा होने की उम्मीद है। परिचालन शुरू होने के पहले 12 महीनों में उसकी योजना 18 विमानों का बेड़ा तैयार करने की है और उसके बाद हर साल एयरलाइन 12-14 विमानों को जोड़ती जाएगी।

शुरुआती दौर में आकाश एयर की उड़ानें मेट्रो महानगरों से टियर-2 एवं टियर-3 शहरों के लिए ही होंगी। इसके अलावा महानगरों के बीच भी उड़ानें संचालित की जाएंगी। भारतीय विमानन क्षेत्र की इस नई एयरलाइन को अक्टूबर 2021 में नागरिक उड्डयन मंत्रालय से हवाई परिचालन के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिला था।

### इस साल एफपीआई ने बाजारों से निकाले 1.14 लाख करोड़

नई दिल्ली । विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस साल अब तक भारतीय बाजारों से 1,14,855.97 करोड़ रुपए की निकासी की है। भू-राजनीतिक तनाव और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता के बीच विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों में बिकवाल बने हुए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों बाजारों से 48,261.65 करोड़ रुपए की निकासी की है। इस तरह अब तक 2022 में विदेशी निवेशकों की निकासी का आंकड़ा 1,14,855.97 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि रूस-यूक्रेन तनाव की वजह से वैश्विक स्तर पर वृहदआर्थिक स्थिति और मुद्रास्फीतिक दबाव की वजह से विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों से निकासी कर रहे हैं। यह लगातार छठा महीना है जबकि विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से निकासी की है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी की वरिष्ठ ईवीपी और प्रमुख (इक्विटी शोध) शिबानी कुरियन ने कहा ?कि रूस-यूक्रेन युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था पर सीधा असर काफी सीमित है, क्योंकि इन देशों से हमारी आयात पर निर्भरता नहीं है।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 421 परियोजनाओं की लागत 4.73 लाख करोड़ बढ़ी

**रिपोर्ट में 631 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई**

नई दिल्ली । बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 421 परियोजनाओं की लागत तय अनुमान से 4.73 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ी है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय उक्त परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की फरवरी-2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,565 परियोजनाओं में से 421 की लागत बढ़ी है, जबकि 647 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार इन 1,565 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,86,542.05 करोड़ रुपए थी, जिसके बढ़कर 26,59,914.61 करोड़ रुपए पर पहुंच जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 21.65 प्रतिशत या 4,73,352.56 करोड़ रुपए बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार फरवरी-2022 तक इन परियोजनाओं पर 13,26,569.75 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 49.87 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें, तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 553 पर आ जाएगी। रिपोर्ट में 631 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 647 परियोजनाओं में 84 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 124 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 327 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की और 112 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी में चल रही हैं। इन 647 परियोजनाओं की देरी का औसत 42.60 महीने है। इन परियोजनाओं की देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख है। इनके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप दिये जाने में विलंब, परियोजनाओं की संभावनाओं में बदलाव, निविदा प्रक्रिया में देरी, ठेके देने व उपकरण मंगाने में देरी, कानूनी व अन्य दिक्कतें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि की वजह से भी इन परियोजनाओं में विलंब हुआ है।

### दिवालिया घोषित हुई रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक

मुंबई । रियल्टी कंपनी सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ 25 मार्च को दिवालिया प्रक्रिया शुरू हो गई है। सुपरटेक पर यूनियन बैंक का काफी कर्ज बकाया है। कर्ज लौटाने पर कंपनी के बार-बार डिफॉल्ट करने की वजह से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की दिल्ली बेंच के पास सुपरटेक के खिलाफ इनसॉल्वेंसी की याचिका दायर की थी। बैंक की इस याचिका को एनसीएलटी ने स्वीकार कर लिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद में सुपरटेक की कई परियोजनाएं अभी पूरी नहीं हुई हैं। अब सुपरटेक की दिवालिया प्रक्रिया शुरू होने से करीब 25 हजार लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, जिन्?होंने सुपरटेक के प्रोजेक्ट्स में घर बुक किए थे, परंतु अभी तक उन्?हें घर का कब्जा नहीं दिया गया है। घर खरीदने वाले पिछले कई वर्षों से घर मिलने का इंतजार कर रहे हैं। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने दिवाला और दिवालियापन संहिता के तहत सुपरटेक के लिए इन-सॉल्वेंसी रेज्योलूशन प्रोफेशनल हितेश गोयल को नियुक्त किया है। ट्रिब्यूनल ने इस मामले में निर्णय 17 मार्च 2022 को सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले सुपरटेक ने यूनियन बैंक को एकमुश्त सारी बकाया राशि लौटाने के प्रस्ताव को नकार दिया था। दोनों पक्षों की दलीलों को को सुनने के बाद एनसीएलटी ने सुपरटेक को इनसॉल्वेंसी में डाल दिया है। हालांकि अभी इस बात की जानकारी नहीं है कि सुपरटेक पर यूनियन बैंक का कितना कर्ज है। इस मामले में अभी कोर्ट के लिखित आदेश का इंतजार है।

## सेंसेक्स की प्रमुख 10 में सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.14 लाख करोड़ घटा



नई दिल्ली । सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,14,201.53 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 34,785.7 करोड़ रुपए घटकर 4,59,121.88 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 26,891.57 करोड़ रुपए घटकर 7,93,855.60 करोड़ रुपए, एचडीएफसी के मूल्यांकन में 20,348.29 करोड़ रुपए गिरकर 4,17,511.38 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 14,372.87 करोड़ रुपए घटकर 4,85,801.96 करोड़ रुपए, एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में 10,174.05 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 4,37,618.33 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 7,441.7 करोड़ रुपए के नुकसान से 3,89,522.03 करोड़ रुपए रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 187.35 करोड़ रुपए के नुकसान से 4,22,138.56 करोड़ रुपए आ गया। इस रुख के विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 79,188.07 करोड़ रुपए के जोरदार उछाल के साथ 17,56,635.40 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 12,114.39 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 13,71,589.75 करोड़ रुपए रहा। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 9,404.12 करोड़ रुपए बढ़कर 7,89,352.44 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमश~ टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

### देश के विदेशी मुद्रा भंडार में इस सप्ताह भी आई गिरावट

नई दिल्ली । देश के विदेशी मुद्रा भंडार में इस सप्ताह भी गिरावट आई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मुताबिक इसमें 2.6 अरब डॉलर की कमी आई है और यह घटकर 619.6 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। पिछले सप्ताह इसमें 10 अरब डॉलर से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई थी।



*कनाडा में इंटरनेशनल मोटर साइकिल सुपर शो में एक विंटेज मोटरसाइकिल को देखते हुए एक व्यक्ति।*

# उत्तर भारत के स्ट्रीट फूड को याद कर रहीं अक्षिता मुदगल



अभिनेत्री अक्षिता मुदगल को उत्तर भारतीय स्ट्रीट फूड (सड़क किनारे मिलने वाले व्यंजन) बेहद पसंद हैं। हालांकि उनका कहना है कि वह महामारी के कारण इनका आनंद लेने में असमर्थ हैं। अभिनेत्री, जो आगरा से हैं, कोविड-19 महामारी के कारण घर वापस नहीं जा पा रही हैं और अपने पसंदीदा खाद्य पदार्थों को मिस (याद) कर रही हैं। अभिनेत्री ने कहा, जो कोई भी मुझे जानता है, उसे पता है कि मैं बड़ी फूडी (खाना पसंद करने वाला) हूं। मैं उत्तर भारत में पैदा हुई और सबसे स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए बड़ी हुई हूं। वास्तविकमुगलई और अवधी व्यंजनों से लेकर स्वादिष्ट स्ट्रीट फूड तक, उत्तर भारत खाने का शौक रखने वालों के लिए स्वर्ग है! लेकिन मुंबई में होने के कारण, अगर मुझे वहां की जो एक चीज सबसे ज्यादा याद आती है, तो वह है दिल्ली की चाट। मैं कबूल करती हूं कि यह मेरा आरामदायक भोजन है। लेकिन महामारी के कारण, मैं इनका आनंद लेने के लिए घर वापस नहीं जा पा रही हूं। अक्षिता ने कहा, मुझे अपने गृहनगर की सड़कों के साथ-साथ दिल्ली में भी घूमने तो मिस कर रही हूं। अभिनेत्री ने महामारी के दौरान लोगों से सुरक्षित रहने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, कोविड ने हमारे जीवन को बहुत कठिन बना दिया है। मुंबई में हम केवल शूट के लिए बाहर निकलना और फिर वापस लौट जाना ही सुनिश्चित कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह समय है, जब हम सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए सावधान रहने की आवश्यकता है कि हम संक्रमित न हों और बीमारी को न फैलाएं।

अक्षिता ने इश्क पर जोर नहीं

## मेरा मास्क मेरा सुपरहीरो पोशाक- अभिनेता सुधीर बाबू

तेलुगु अभिनेता सुधीर बाबू ने अपनी सुपरहीरो पोशाक में एक इंस्टाग्राम तस्वीर पोस्ट की है। फोटो में सुधीर एक ग्रे टी-शर्ट और काली कार्गो पैंट पहने हुए हैं और सबसे जरुरी चेहरे पर मास्क लगाए



हुए नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ अभिनेता ने लिखा, मेरा मास्क मेरा सुपरहीरो कॉस्ट्यूम है। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन दिया, तस्वीर सब कहती है। मास्क पहनों, वैक्सीन लो। अभिनेता की आगामी फिल्म श्री देवी सोडा सेंटर है, जिसे करुणा कुमार ने निर्देशित किया है। फिल्म में अभिनेत्री आनंदी भी हैं। पिछले साल सुधीर बाबू नानी-स्टारर वी में देखे गए थे, जो ओटीटी पर दुनियाभर में रिलीज हुई थी। सुधीर का फिल्म में पुलिस वाले के रूप में एक्शन अवतार था, जिसे मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली।

## मीडिया से डर नहीं लगता : रित्विक धनजानी

अभिनेता रित्विक धनजानी का कहना है कि अभिनेता बनने के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें कई अलग-अलग तरह के किरदारों को निभाने का मौका मिलता है। उनका कहना है कि वह इंडस्ट्री को लेकर कुछ भी नहीं बदलना चाहेंगे क्योंकि उन्हें इसकी हर एक चीज से लगाव है। रित्विक ने बताया, सबसे अच्छी बात यह है कि कैमरे के सामने कई अलग-अलग तरह की जिंदगियों को जीने का मौका मिलता है। यह बेहद रोमांचक है। मैं कुछ भी नहीं बदलना चाहूंगा और न ही मुझे किसी बात का कोई खेद है। अगर मैं किसी एक भी चीज को बदलता हूं, तो आज मैं जो हूं वह बन नहीं पाता। रित्विक का यह भी कहना है कि उन्हें लोगों की नजरों में बने रहने से भी कोई परेशानी नहीं है। वह कहते हैं, मीडिया की निगाहों से क्यों डरूं? मीडिया का मुझे भरपूर साथ मिला है। इनके द्वारा मेरे पर्सनल और प्राइवेट स्पेस के प्रति समझदारी बरती गई है। उन्होंने एक दायरे का हमेशा से ख्याल रखा है। मुझे किसी भी चीज से कोई परेशानी नहीं है। रित्विक फिलहाल रिएलिटी शो सुपर डांसर : चैप्टर 4 की मेजबानी कर रहे हैं।

## अभिनेता तनुज विरवानी अवैध सीजन 2 के कलाकारों में शामिल

अभिनेता तनुज विरवानी को अदालत ड्रामा वेब सीरीज इल्लीगल के दूसरे सीजन में देखा जाएगा। तनुज एक उद्यम पूंजीपति और नेहा शर्मा की ऑन-स्क्रीन लव स्टोरी के रूप में शो में प्रवेश करेंगे। अभिनेता का कहना है कि वह पहले सीजन के बहुत बड़े प्रशंसक थे। उन्होंने कहा, मैंने इल्लीगल और कथानक के पहले सीजन को देखा है, कलाकारों का अभिनय और सरासर जुनून ने मेरे दिमाग को पूरी तरह से भर दिया है। स्वाभाविक रूप से जब मुझे कलाकारों में शामिल होने की पेशकश की गई थी और पीयूष मिश्रा और अभूतपूर्व कलाकारों के साथ मुझे स्क्रीन साझा करने का मौका दिया। उन्होंने कहा, नेहा, अक्षय (ओबेरॉय) और सत्यदीप (मिश्रा) जैसे अभिनेताओं को बिल्कुल भी सोचने की जरूरत नहीं थी।वह कहते हैं कि दूसरा सीजन बहुत दिलचस्प है और मैं यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि ये स्क्रीन पर कैसे काम करता है।

# नागार्जुन की फिल्म 'वाइल्ड डॉग' का ओटीटी पर धमाका, तोड़े साउथ फिल्मों के कई रिकॉर्ड्स



सुपरस्टार नागार्जुन की फिल्म वाइल्ड डॉग थिएटर में 2 अप्रैल को रिलीज हुई थी, लेकिन कोविड की वजह से फिल्म ज्यादा समय तक थिएटर पर नहीं चली. हालांकि मेकर्स ने फिर फिल्म को नेटफ्लिक्स पर रिलीज करने का फैसला लिया क्योंकि अब ज्यादातर फिल्में ओटीटी पर रिलीज की जा रही हैं. ओटीटी पर फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म को फैंस और क्रिटिक्स से काफी पॉजिटिव रिव्यूज मिले हैं. फिल्म तमिल, मलयालम, तेलुगू, कन्नड़ और तेलुगू भाषा में रिलीज हुई है. दिलचस्प बात तो ये है कि भारत में ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर टॉप ट्रेंडिंग में शामिल है. नागार्जुन, दिया मिर्जा, सैयामी खेर, अतुल कुलर्णी स्टारर इस फिल्म की कहानी नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के बारे में बताती है जो एक मिशन पर निकलते हैं. फिल्म में नागार्जुन, विजय वर्मा का किरदार निभा रहे हैं, जोकि एक एनआईए के ऑफिसर हैं. फिल्म में नागार्जुन को वाइल्ड डॉग ही कहा जाता है. फिल्म में दिया उनकी प प्रतिशती का किरदार निभा रही हैं. फिल्म के डायरेक्टर अहीशोर सोलोमन के काम की काफी तारीफ हो रही है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, वाइल्ड डॉग ने साउथ फिल्मों के कई रिकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं. फिल्म को कुछ ही दिन में मिलियन से ज्यादा व्यू काउंट मिले हैं. फिल्म का तमिल वर्जन भी 5वे नंबर पर है. थिएटर पर जब फिल्म रिलीज हुई थी तब वाइल्ड डॉग ने 6 करोड़ का कलेक्शन किया है. नागार्जुन अक्किनेनी इन दिनों काफी बिजी हैं. कुछ दिनों पहले उन्होंने 'ब्रह्मास्त्र' फिल्म की शूटिंग पूरी की है. आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया था जिसमें उन्होंने बताया कि ब्रह्मास्त्र फिल्म में नागार्जुन ने अपनी शूटिंग पूरी कर ली है. आलिया ने फोटोज पोस्ट की थीं जिसमें उनके साथ रणबीर और नागार्जुन नजर आ रहे थे. अब खबर है कि नागार्जुन ने अपनी दूसरी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।



## योगी की चुनौती

यूपी की सत्ता में एक बार फिर भाजपा की वापसी हो चुकी है, बतौर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री समेत बड़ी संख्या में विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। यूपी में योगी की दोबारा ताजपोशी से कई इतिहास बदल गए और कई रिकॉर्ड टूट गए, इसके अलावा अंधविश्वास को भी गहरी चोट पहुंची है। मगर दोबारा सरकार बनाने के बाद भी योगी आदित्यनाथ के सामने कई सारी चुनौतियां होंगी। अब 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में हर कोई ये बात बखूबी जानता है कि देश की सत्ता की चाबी यूपी में ही है। उत्तर प्रदेश में जिस पार्टी का जादू चलता है वही सत्ता के सिंहासन तक पहुंचता है। किसानों के लिए मोदी सरकार योजनाएं भी चला रही हैं। मगर इसके बावजूद योगी सरकार के सामने किसानों को खुश रखने की चुनौती होगी। आगामी 2 सालों के भीतर किसानों के मुद्दों का समाधान करना बेहद जरूरी होगा। गन्ना किसान के नाम पर जो सियासत गरमाई उसको दरकिनार कर योगी ने दोबारा सरकार तो बना ली। मगर इसके बावजूद 2024 की चुनौती से पार पाने के लिए योगी के फैसले पर सभी किसानों की निगाहें टिकी होंगी। यूपी में किसानों के लिए बिजली और पानी का मुद्दा भी बड़ा होगा। बीते कुछ वक्त से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की पहचान बुलडोजर बाबा के तौर पर की जाने लगी है। वजह शायद किसी को भी बताने की जरूरत नहीं है। योगी राज पार्ट-1 में गुंडों और माफियाओं के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई हुई। अतीक अहमद से लेकर आजम खान तक सभी के खिलाफ जोरदार कार्रवाई हुई। मुख्तार अंसारी के जेहन में तो योगी नाम का इस कदर खौफ दिखा कि वो यूपी छोड़कर पंजाब की जेल में शिफ्ट हो गया। योगी का नाम ही माफियाओं के लिए खौफ का पर्याय बन गया, लेकिन सत्ता में दोबारा वापसी के बाद योगी के सामने ये असल चुनौती होगी कि कैसे वो लगातार अपराधियों पर कार्रवाई कर सख्त छवि को बनाए रखें। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विपक्ष ने आवारा पशुओं का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। आवारा सांड को चुनावी मुद्दा बना दिया गया जिससे योगी सरकार घिर गई। उत्तर प्रदेश में आवारा मवेशियों से किसानों को दोतरफा नुकसान होता है, क्योंकि वे खेतों में फसलों को नष्ट कर देते हैं, जबकि दूसरा नुकसान आर्थिक और सुरक्षा की दृष्टि से होता है। ग्रामीण उत्तर प्रदेश के नागरिकों को आवारा पशुओं से बचाने के लिए किसान को खेतों की बाड़ लगानी पड़ रही है। ऐसे में योगी के सामने अपने अगले कार्यकाल में इस समस्या से निपटने की चुनौती होगी। रोजगार की चुनौती चुनाव के दौरान विपक्ष ने युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए बेरोजगारी का मुद्दा जोर-शोर से उठाया था। विपक्ष ने दावा किया कि पिछले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश की रोजगार दर में गिरावट आई है। उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसर पैदा करना दूसरी पारी में योगी के सामने बड़ी चुनौती रहेगी। सरकारी नौकरियों के साथ-साथ चल रहे कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों के लिए नए अवसर और रोजगार के अवसर पैदा करना योगी आदित्यनाथ के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में भाजपा के ग्राफ को ऊपर ले जाना उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि 2024 के आम चुनाव में पार्टी को इस राज्य से बड़ी उम्मीदें होंगी।

# गुड़ी पड़वा-नवसंवत्सर-नववर्ष-वर्ष प्रतिपदा

**मानसश्री डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता**

गुड़ी पड़वा या नववर्ष क्या है? चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को गुड़ी पड़वा या नववर्ष का आरम्भ माना गया है। 'गुड़ी' का अर्थ होता है विजय पताका । ऐसा माना गया है कि शालिवाहन नामक कुम्हार के पुत्र ने मिट्टी के सैनिकों का निर्माण किया और उनकी एक सेना बनाकर उस पर पानी छिड़ककर उनमें प्राण फूँक दिये। उसमें सेना की सहायता से शक्तिषाली शत्रुओं को पराजित किया। इसी विजय के उपलक्ष्य में प्रतीक रूप में ''षालिवाहन शक' का प्रारम्भ हुआ। पूरे महाराष्ट्र में बड़े ही उत्साह से गुड़ी पड़वा के रूप में यह पर्व मनाया जाता है। कष्मीरी हिन्दुओं द्वारा नववर्ष के रूप में एक महत्वपूर्ण उत्सव की तरह इसे मनाया जाता है।

इसे हिन्दू नव संवत्सर या नव संवत् भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन सृष्टि की रचना प्रारम्भ की थी। इसी दिन से विक्रम संवत् के नये साल का आरम्भ भी होता है। सिंधी नववर्ष चेटीचंड उत्सव से शुरू होता है जो चैत्र शुक्ल द्वितीया को मनाया जाता है। सिंधी मान्यताओं के अनुसार इस शुभ दिन भगवान् झूलेलाल का जन्म हुआ था जो वरूण देव के अवतार हैं।

आज भी हमारे देष में प्रकृति, षिक्षा तथा राजकीय कोष आदि के चालन-संचालन में मार्च अप्रेल के रूप में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही देखते हैं। यह समय दो ऋतुओं का संधिकाल माना जाता है। इसमें रात्रि छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। प्रकृति एक नया रूप धारण कर लेती है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रकृति नव पल्लव धारण कर नव संरचना के लिए ऊर्जावान हो रही हो। मानव, पशु-पक्षी यहाँ तक की जड़-चेतन प्रकृति भी प्रमाद एवं आलस्य का परित्याग कर सचेतन हो जाती है। इसी समय बर्फ पिघलने लग जाती है। आमों पर बौर लगना प्रारम्भ हो जाता है। प्रकृति की हरितिमा नवजीवन के संचार का प्रतीक बनकर हमारे जीवन से जुड़ सी जाती है। इसी दिन प्रतिपदा के दिन आज से 2074 वर्ष पूर्व उज्जयिनी नरेष महाराज विक्रमादित्य ने विदेशी आक्रांत शकों से भारत भूमि की रक्षा की और इसी दिन से कालगणना प्रारम्भ की गई। उपकृत राष्ट्र ने भी उन्हीं महाराज के नाम से विक्रमीसंवत् का नामकरण किया। महाराज विक्रमादित्य ने आज से 2074 वर्ष पूर्व राष्ट्र को सुसंगठित कर शकों की शक्ति का जड़ से उन्मूलन कर देश से पराजित कर भगा दिया और उनके मूल स्थान अरब में विजय की पताका फहरा दी। साथ ही साथ यवन, हूण, तुषार, पारसिक तथा कम्बोज देशों पर अपनी विजय ध्वजा फहरा दी। इन्हीं विजय की स्मृति स्वरूप वर्ष प्रतिपदा संवत्सर के रूप में मनाई जाती रही और आज भी बड़े उत्साह एवं ऐतिहासिक धरोहर की स्मृति के रूप में मनाई जा रही है। इनके राज्य में कोई चोर या भिखारी नहीं था। विक्रमादित्य ने विजय के बाद जब राज्यारोहण हुआ तब उन्होंने प्रजा के तमाम ऋणों को माफ कर दिया तथा नये भारतीय कैलेण्डर को जारी किया, जिसे विक्रम संवत् नाम दिया।

सबसे प्राचीन काल गणना के आधार पर ही प्रतिपदा के दिन विक्रमी संवत् के रूप में इस शुभ एवं शौर्य दिवस को अभिषिक्त किया गया है। इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीरामचन्द्रजी के राज्याभिषेक अथवा रोहण के रूप में मनाया गया। यह दिन वास्तव में असत्य पर सत्य की विजय को याद करने का दिवस है। इसी दिन महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था। इसी शुभ दिन महर्षि दयानन्द ने आर्यसमाज की स्थापना की थी। यह दिवस राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ के संस्थापक श्री केशव बलिराम हेडगेवार के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। पूरे भारत में इसी दिन से चैत्र नवरात्र की शुरूआत मानी जाती है।

हम कैसे मनायें नव वर्ष-नव संवत्सर

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर दीपदान करना चाहिये। घरों में शाम को 7 बजे लगभग घण्टा-घडियाल व शंख बजाकर मंगल ध्वनि से नव वर्ष का स्वागत करें। इष्ट मित्रों को एसएमएस, इमेल एवं दूरभाष से नये वर्ष की शुभकामना भेजना प्रारम्भ कर देना चाहिये। नव वर्ष के दिन प्रातःकाल से पूर्व उठकर मंगलाचरण कर सूर्य को प्रणाम करें। हवन कर वातावरण शुद्ध करें। नये संकल्प करें। नवरात्रि के नो दिन साधना के शुरू हो जाते हैं तथा नवरात्र घट स्थापना की जाती है। नव वर्ष का स्वागत करने के लिए अपने घर-द्वार को आम के पत्तों से अशोक पत्र से द्वार पर बन्दनवार लगाना चाहिये। नवीन वस्त्राभूषण धारण करना चाहिये। इसी दिन प्रातःकाल स्नान कर हाथ में गंध, अक्षत, पुष्प और जल ले कर 'ओम भूर्भुवः स्वः संवत्सर-अधिपति आवाहयामि पूजयामि च' मंत्र से नव संवत्सर की पूजा करनी चाहिये एवं नव वर्ष के अशुभ फलों के निवारण हेतु ब्रह्माजी से प्रार्थना करनी चाहिये। हे भगवन्! आपकी कृपा से मेरा यह वर्ष मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। इस संवत्सर के मध्य में आने वाले सभी अनिष्ट और विघ्न शांत हो जाये।

नव संवत्सर के दिन नीम के कोमल पत्तों और ऋतु काल के पुष्पों का चूर्ण बनाकर उसमें काली मिर्च, नमक, हींग, जीरा, मिश्री, इमली और अजवाइन मिलाकर खाने से रक्त विकार आदि शारीरिक रोग होने की संभावना नहीं रहती है तथा वर्षभर हम स्वस्थ रह सकते हैं। इतना न कर सके तो कम-से-कम चार-पाँच नीम की कोमल पत्तियाँ ही सेवन कर ले तो पर्याप्त रहता है। इससे चर्मरोग नहीं होते हैं। महाराष्ट्र में तथा मालवा में पूरनपोली या मीठी रोटी बनाने की प्रथा है। महाराष्ट्रियन समाज में गुड़ी सजाकर भी बाहर लगाते हैं। यह गुड़ी नव वर्ष की पताका का ही स्वरूप है।

सच तो यह है कि विक्रम संवत् ही हमें अपनी संस्कृति की याद दिलाता है और कम से कम इस बात की अनुभूति तो होती है कि भारतीय संस्कृति से जुड़े सारे समुदाय इसे एक साथ बिना प्रचार प्रसार और नाटकीयता से परे हो कर मनाते हैं। हम सब भारतवासियों का कर्श्रव्य है कि पूर्ण रूप से वैज्ञानिक और भारतीय कैलेण्डर विक्रम संवत् के अनुसार इस दिन का स्वागत करें। पराधीनता एवं गुलामी के बाद अंग्रेजों ने हमें एक ऐसा रंग चढ़ाया कि हम अपने नव वर्ष को भूल कर-विस्मृत कर उनके रंग में रंग गये। उन्हीं की तरह एक जनवरी को नव वर्ष अधिकांश लोग मनाते आ रहे हैं। लेकिन अब देशवासी को अपनी भारतीयता के गौरव को याद कर नव वर्ष विक्रमी संवत् मनाना चाहिये जो आगामी 29 मार्च को है।

आप सभी को नव वर्ष की अनेक-अनेक शुभकामनाएँ यह वर्ष भारतीयों के लिये ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व के लिये भी सुख, शांति एवं मंगलमय हो।

## हनुमान से सीखें संस्कार

दूसरे का मान रखते हुए हम सम्मान अर्जित कर लें, इसमें गहरी समझ की जरूरत है। होता यह है कि जब हम अपनी सफलता, सम्मान या प्रतिष्ठा की यात्रा पर होते हैं, उस समय हम इसके बीच में आने वाले हर व्यक्ति को अपना शत्रु ही मानते हैं। महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए मनुष्य सारे संबंध दांव पर लगा देता है। आज के युग में महत्वाकांक्षी व्यक्ति का न कोई मित्र होता है, न कोई शत्रु। उसे तो सिर्फ अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति करनी होती है। हर संबंध उसके लिए शस्त्र की तरह हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो दूसरे की भावनाओं, रिश्ते की गरिमा और सबके मान-सम्मान को ध्यान में रखकर अपनी यात्रा पर चलते हैं। हनुमानजी उनमें से एक हैं। सुंदरकांड में एक प्रसंग है। हनुमानजी और मेघनाद का युद्ध हो रहा था। मेघनाद बार-बार हनुमानजी पर प्रहार कर रहा था, लेकिन उसका नियंत्रण बन नहीं रहा था। तब उसने हनुमानजी पर ब्रह्मास्त्र का प्रहार किया। हनुमानजी को भी वरदान था कि वह किसी अस्त्र-शस्त्र से पराजित नहीं होंगे। उनका नाम बजरंगी इसीलिए है कि वे वज्रांग हैं। जिसे कह सकते हैं स्टील बॉडी।

जैसे ही शस्त्र चला, हनुमानजी ने विचार किया और तुलसीदासजी ने लिखा -

**ब्रह्मास्त्र तेहि सांधा कपि मन कीन्ह बिचार।**
**जौं न ब्रह्मासर मानउं महिमा मिटइ अपार।।**

अंत में उसने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया, तब हनुमानजी ने मन में विचार किया कि यदि ब्रह्मास्त्र को नहीं मानता हूं तो उसकी अपार महिमा मिट जाएगी। यहां हनुमानजी ने अपने पराप्रम का ध्यान न रखते हुए, ब्रह्मजी के मान को टिकाया।

## विधायक बनते ही जनमुद्दों पर मुखर हुई अनुपमा रावत!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

उत्तराखंड में पहली बार हरिद्वार जिले के हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र से विधायक बनकर अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करने वाली पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की बेटी अनुपमा रावत श्यामपुर थाना पुलिस द्वारा किए जा रहे कांग्रेस से जुड़े परिवारों के कथित उत्पीड़न को लेकर पुलिस पर नाराज हो गईं। उन्होंने अपनी नाराजगी दर्शाने और अपनी बात उच्चाधिकारियों व सरकार तक पहुंचाने के लिए %गांधीगिरी% का रास्ता अपनाया है। अनुपमा रावत गांधीजी की तस्वीर के साथ श्यामपुर थाना परिसर में ही अकेले धरने पर बैठ गईं। जैसे ही उनके धरने पर बैठने की जानकारी उनके समर्थकों को मिली तो वे सब भी थाने आकर उनके साथ धरने पर बैठ गए। विधायक अनुपमा रावत का आरोप है कि पुलिस उनके समर्थकों को बीजेपी के इशारे पर परेशान कर रही है और उनसे दुश्मनी निकाल रही हैं क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के करीबी स्वामी यतीश्वरानंद को चुनाव में करारी शिकस्त दी है। अनुपमा रावत का कहना है कि, चुनाव जीतने के बाद से ही पुलिस आए दिन उनके समर्थकों को घरों से उठा रही है। यहां तक कि उनके छोटे बच्चों तक को बख्शा नहीं जा रहा है और एक बच्चे को स्कूल से ही पुलिस उठा ले गई। जिसे थाने ले जाकर धमकाया गया। उनका कहना है कि जो पीड़ित हैं उनको ही थाने में बैठाया जा रहा है। वो ये अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगी। उन्होंने साफ कहा कि ये देश गांधी जी के आदर्शों पर चलता है और इसलिए वो भी उन्हीं की तस्वीर लेकर न्याय के लिए थाने में बैठी । वही वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर विधायक अनुपमा रावत को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने श्यामपुर थाने एसएचओ को तत्काल हटाए जाने की मांग करने के साथ ही और पूरे मामले की जांच कराने की मांग को पूरा करने के लिए कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 10 साल विधायक और मंत्री रहने के बाद अब जनता ने यतिस्वरानंद को नकार दिया तो वह अनुपमा रावत को वोट देने वालों से बदला लेना चाहते हैं। विकास के काम ना कर पाए इसके लिए उन्हें परेशान किया जा रहा है। अभी



भले ही विधायक अनुपमा रावत की उम्र कम हो, लेकिन उनमे राजनीतिक परिपक्वता किसी बड़े राजनेता से कम नही है। जनसमस्याएं लेकर आएं लोगो की बातों को वे ध्यान पूर्वक सुनती है और फिर उसपर तत्काल कार्यवाही करना उनकी आदत में शामिल हो गया है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव विधायक अनुपमा रावत जिनपर राहुल गांधी ने सन 2018 में भरोसा कर उन्हें पहले महिला कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर का महत्वपूर्ण पद दिया,जिसपर वे पूरी तरह से खरी उतरी है। राजनीति में कुछ लोग उन्हें कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की बेटी के रूप में देखते है ,लेकिन यदि उनका हरीश रावत से इतर राजनीतिक आंकलन किया जाए तो उनकी गिनती उन संघर्षशील युवा नेताओं में होती है,जो अपना रास्ता बगैर किसी बैशाखी के स्वयं तैयार कर रहे है। तभी तो उनकी प्रतिभा के बल पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उन्हें हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र से टिकट दिया और वे तत्कालीन केबिनेट मंत्री को हराकर विधानसभा जा पहुंची। वे अपने पिता हरीश रावत के कामो में भी हाथ बटाती है,उनसे मिलने आए लोगो का स्वागत सत्कार करती है और हरीश रावत की अनुपस्थिति में यदि किसी को तत्कालिक मदद की आवश्यकता हो तो वह भी करने से पीछे नही हटती। एक ग्रहणी के रूप में घर पर पर्याप्त समय भी बिताती है,अपने बेटे के बचपन को भी जीती है,अपनी मां के ममत्व की छांव का सुख लेना भी नही भूलती ,वही पिता की हर छोटी बड़ी आवश्यकताओं में सहायक बनकर सबसे आगे खड़ी नज़र आती है। इन सबके साथ जब एक राजनीतिक व्यक्तित्व व विधायक के रूप में वह जनता के बीच होती है तो उनके दुःख दर्द की साक्षी बनकर उन्हें दूर करने के लिए जीजान लगा देती है। उन्हें दो घड़ी चैन से बैठना नही भाता । अपने मधुर व्यवहार ,कर्मठता और संघर्ष के बलबूते उन्होंने अपने समर्थकों की एक बड़ी टीम खड़ी कर ली है। जो भविष्य में ओर अधिक ऊंचाइयों में उनकी सफलता का आधार बनेगी। अनुपमा रावत कांग्रेस की रीति नीति पर चलकर आमजन को जागरूक कर कांग्रेस के पक्ष में वातावरण निर्माण करने में जुटी है।

# चुनवोपरांत ही वरिष्ठ नागरिकों पर प्रहार?

### सूडोकु नवताल- 6023

★★★✭☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6022 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**निर्मल रानी**

हमारे देश के राजनैतिक दल जब जनता के बीच जाते हैं उस समय तमाम लोक हितकारी बातें किया करते हैं। सत्ता में आने पर कभी कभी इन्हीं लोकलुभावन वादों और बातों में से कुछ को अमली जामा भी पहना देते हैं। परन्तु ऐसा कम ही देखा गया है कि पिछली सरकार द्वारा जारी किसी जनहितकारी योजना विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट अथवा सुविधाओं पर ही पूरी तरह से क़ैंची चला दी जाये। परन्तु स्वयं को लोकहितकारी बताने वाली वर्तमान भाजपा सरकार में तो कम से कम ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

उदाहरण के तौर पर पिछली सरकार द्वारा भारतीय रेल सेवाओं में 53 विभिन्न श्रेणियों में रेल यात्रा में किराये में छूट का प्रावधान था। परन्तु वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार ने कोरोना कॉल में जहाँ रेल संचालन को पहले बिल्कुल बंद किया और बाद में धीरे धीरे रेल संचालन शुरू किया। परन्तु इसी के साथ रेल किराये में जो छूट का प्रावधान था उसे पूरी तरह समाप्त कर दिया गया। जिस समय रेल विभाग द्वारा रेल किराये में मिलने वाली छूट समाप्त की गयी थी उस समय यह कारण बताया गया था कि अनावश्यक रूप से की जाने वाली यात्रा पर नियंत्रण करने तथा कोरोना काल में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिये रेल किराये में मिलने वाली छूट समाप्त की गयी है। जिन 53 विभिन्न श्रेणियों में रेल यात्रा में किराये में छूट का प्रावधान था उनमें जहाँ खिलाड़ियों,विकलांगों,छात्रों तथा मरीज़ों आदि को रेल भाड़े में निर्धारित छूट दी



जाती थी वहीँ वरिष्ठ नागरिकों को भी छूट की यह सुविधा उपलब्ध थी। इस व्यवस्था के अंतर्गत 58 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं व 60 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों को यह सुविधायें उपलब्ध थीं। इसमें यह व्यवस्था भी थी कि यदि कोई धन संपन्न वरिष्ठ नागरिक चाहे तो इस व्यवस्था में सीमित लाभ भी भी उठा सकता था अथवा स्वेच्छा से इस सुविधा की अनदेखी भी कर सकता था। परन्तु वर्तमान केंद्र सरकार ने कोविड का बहाना बना कर इन सभी सुविधाओं को पूरी तरह से ही समाप्त कर दिया है।

पिछले दिनों जिस समय उत्तर प्रदेश सहित देश के पांच राज्यों में चुनाव चल रहे थे उन दिनों यह ख़बर सुनी गयी थी कि सरकार शीघ्र ही रेल सेवाओं का सञ्चालन भी पूरी क्षमता के साथ शुरू करने जा रही है। इसी के साथ ही यह ख़बर भी आयी थी कि वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी श्रेणियों में किराये में दी जाने वाली छूट भी जल्द ही बहाल कर दी जायेगी। परन्तु शायद यह ख़बर मीडिया के दुष्प्रचार या सत्ता के आई टी सेल की ओर से चुनाव पूर्व चलाये जाने वाले %अफ़वाह अभियान % का ही एक हिस्सा थी। क्योंकि चुनाव बीत जाने के बाद और कई राज्यों में भाजपा की ही सरकार बनने के बावजूद अभी तक न तो रेल गाड़ियां अपनी पूरी क्षमता के साथ चल सकी हैं।और न ही रेल यात्री किराये में मिलने वाली छूट बहाल की जा सकी है। बल्कि ठीक इसके विपरीत पिछले दिनों रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के हवाले से समाचार पत्रों में यह निराशा जनक ख़बर ज़रूर पढ़ने को मिली कि रेल यात्री किराये में बुज़ुर्गों को दी जाने वाली छूट पर लगी पाबन्दी बरक़रार रहेगी।

आरक्षित टिकट के अतिरिक्त जहाँ कहीं रेल के टिकट बुकिंग काउंटर खोले गये हैं वहां से भी सामान्य वरिष्ठ नागरिकों को भी सामान्य रेल डिब्बे में यात्रा करने हेतु मिलने वाली छूट नहीं दी जा रही है। सवाल यह है कि सरकार क्या वरिष्ठ नागरिकों को इसी तरह से सम्मान देगी ? अभी भी देश की तमाम ट्रेन्स के अनेक छोटे स्टेशन्स के स्टॉपेज ख़त्म कर दिये गये हैं इससे भी गांव व क़स्बाई लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उधर सरकार ने स्टॉपेज ख़त्म कर ट्रेन को विशेष श्रेणी में डाल कर उसका किराया भी बढ़ा दिया है। इससे भी तमाम यात्रियों को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदिगी में काफ़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी के साथ ही चुनवोपरांत का एक और तोहफ़ा सरकार द्वारा डीज़ल व पेट्रोल की क़ीमत में दो दिन तक लगातार 80-80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी कर एवं घरेलू एल पी जी गैस के मूल्य में 50 रूपये प्रति सिलिंडर का इज़ाफ़ा कर, आम जनता को दे दिया गया है।

## विश्व रंगमंच दिवस

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

रंगमंच दो शब्दों के मेल से बना है रंग और मंच, यानि कि ऐसा मंच जिस पर विभिन्न रंगों को लोगों के बीच प्रदर्शित या पेश किया जा सके। पश्चिमी देशों में या अंग्रेजी में इसे थियेटर शब्द से संबोधित किया जाता है। रंगमंच मानसिक स्वास्थ्य का अद्भुत योग और चिकित्सा हैं .इसके माध्यम से व्यक्ति की अंतर्दशा का बोध होता हैं 27 मार्च 2022 को 60वां विश्व थिएटर दिवस मनाया जायेगा , जिसका मुख्य उत्सव केंद्रों और आईटीआई के सामान्य सचिवालय द्वारा ऑनलाइन किया गया। इस बार का संदेश अमेरिका के 'पीटर सेलर्स' ने लिखा है, वे एक ओपेरा, थिएटर और फेस्टिवल डायरेक्टर है।

हर साल 27 मार्च के दिन विश्व रंगमंच दिवस का आयोजन किया जाता है. पूरे विश्व में रंगमंच को अपनी अलग पहचान दिलाने के लिए साल 1961 में अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान ने इस दिन की नींव रखी थी. इस दिन दुनिया के कई देशों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रंगमंच या थियेटर से जुड़े हुए कलाकार कई समारोह का आयोजन करते हैं

भारत फिल्मों का देश है जहाँ हर कोई फ़िल्मी है। यहाँ हर हफ्ते करीबन दो-तीन बॉलीवुड फिल्में तथा क्षेत्रीय भाषाओं में भी कई फिल्मे रिलीज हुआ करती है लेकिन अब वेबसीरीज, हृञ्ञ्ञ प्लेटफार्म और कोरोनावायरस महामारी ने सिनेमा कारोबार को बड़ा झटका दिया है। हर साल 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है इसकी स्थापना वर्ष 1961 में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान द्वारा की गई थी। इसे मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को थिएटर के मूल्यों और महत्व बताना तथा दुनिया भर में रंगमंच को बढ़ावा देना है। इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट~ दुनिया का सबसे बड़ा प्रदर्शन कला संगठन 'अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान है, इसकी स्थापना नृत्य विशेषज्ञों और यूनेस्को द्वारा साल 1948 में की गई थी। आईटीआई का मुख्यालय पेरिस, फ्रांस में स्थित है। दुनिया भर में आईटीआई के 85 से अधिक केंद्र हैं।

विश्व थिएटर दिवस का उद्देश्य विश्वभर के लोगों को रंगमंच संस्कृति के विषय में बताना उसके विचारों के महत्व को समझाना और इसके प्रति लोगों में दिलचस्पी पैदा करना तथा इससे जुड़े लोगों को सम्मानित करना है।

इसके अलावा कुछ अन्य मकसद है~दुनियाभर में अपने सभी रूपों में रंगमंच को बढ़ावा देना। लोगों को थिएटर के मूल्यों से अवगत कराना। खुद के लिए सभी रूपों में रंगमंच का आनंद लेना। रंगमंच के आनंद को दूसरों के साथ बाँटना, आदि।

# किसानों को ताकत देने की दृष्टि से अंबाह क्षेत्र में बनेगा एफपीओः नरेंद्र सिंह तोमर

### कृषि उत्पादन के वैज्ञानिक भंडारण पर दिया जोर, कम लागत कम मेहनत और कम पानी में ज्यादा फसल उपजाने की किसानों से की अपील





**अम्बाह।** रविवार को शासकीय बेयर हाउस अंबाह प्रांगण में कृषि उपजों के वैज्ञानिक भंडारण विषय पर परिचर्चा का आयोजन केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। आयोजन की रूपरेखा वेयर हाउस के मैनेजर होशियार सिंह तोमर द्वारा बताई गई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कृषि कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव देश के किसानों और वैज्ञानिकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप कार्य के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके इस कदम से भारत में कृषि उत्पादों के निर्यात में लगातार वृद्धि हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों और वैज्ञानिकों सहित देश के कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ नियमित संवाद करते हैं और कृषि उत्पादों की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि देश में 86% छोटे किसान हैं जिन्हें ताकत देने की दृष्टि से 10 हजार नए एफपीओ बनाये जा रहे हैं। जिससे छोटे-छोटे रकवे के किसान बड़ी संख्या में एकत्रित होकर एफपीओ बनाते हैं, केंद्र सरकार उन्हें बीज से लेकर बाजार की उपलब्धता तक के लिए पूरी सहायता देती है, ताकि उन्हें फसल के बाजिब दाम मिल सके। किसान एफपीओ के जरिए प्रोसेसिंग भी कर सकते हैं जिसके लिए दो करोड तक का लोन भी मिल सकता है, जिस पर ब्याज की सब्सिडी व बिना गारंटी के लोन से किसान आगे बढ़ने का रास्ता तय कर सकते है। गांव में वेयरहाउस, कोल्ड स्टोर आदि साधन सुविधा जुटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डेढ़ लाख करोड़ से ज्यादा के विशेष पैकेज दिए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अंबाह क्षेत्र में भी एफपीओ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा यही चाहते है कि किसान आगे बढ़े, उनकी आमदनी बडे, बिचौलियों की समाप्ति हो और कृषि समृद्ध हो ताकि किसानों का योगदान देश के नवनिर्माण में सकें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोरोना काल में हमारे किसानों ने फसल का उत्पादन बढ़ाकर देश को समृद्धि प्रदान की थी। किसान अपनी खेती की लागत कम करें, केमिकल की खेती से ऑर्गेनिक खेती की तरफ बढे। उन्होंने बताया कि पशुओं से खेतों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए तार फेंसिंग की सुविधा का प्रावधान आरकेबीवाई में जोड़ दिया है। श्री तोमर ने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को बाजार से कुछ खरीदना नहीं है। बल्कि बिना पैसे के किसान अच्छा उत्पादन कर महंगे दाम पर बेच सकते है। कृषि मंत्री ने कहा कि आज हमारे देश में खाद्यान्न तथा बागवानी उपज का रिकार्ड उत्पादन हो रहा है, जिससे हम न केवल घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं बल्कि अनेक देशों में निर्यात भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की कड़ी मेहनत, वैज्ञानिक अनुसंधान तथा सरकार की किसान हितैषी नीतियों के फलस्वरूप कोविड महामारी के चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भी भारतीय कृषि उत्पादन में वृद्धि बनी रही। श्री तोमर ने कहा कि आत्मनिर्भर कृषि के लिए प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर तहसील के लिए डेढ़ लाख करोड़ों रुपए की राशि का प्रावधान किया है। किसानों को तकनीकी से जोड़ने की जरूरत है और इसके लिए विभिन्न तकनीक बनाई जा रही है। केंद्र सरकार ने ड्रोन पॉलिसी जारी कर दी है इससे कृषि मंत्रालय में खेती में ड्रोन के उपयोगों के लिए पॉलिसी बनाई है। यदि कोई कंपनी कार्य करती है तो अनुदान पर ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा। जो युवा ड्रोन लेकर किसानों की मदद करना चाहते है तो उन्हें रोजगार के साथ-साथ अनुदान का प्रावधान सरकार ने किया है, इसका लाभ हमें लेना चाहिए। इस मौके पर कृषि मंत्री ने किसानों से कम लागत, कम मेहनत और कम पानी में ज्यादा से ज्यादा फसल लेने की तकनीकी पर कार्य करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से अगर अनाज का भंडारण होगा तो निश्चित तौर पर अनाज सुरक्षित होने के साथ-साथ लोगों का स्वास्थ्य भी सही रहेगा। उन्होंने सुरक्षित वैज्ञानिक भंडारण पर मार्गदर्शन दिया।

# बिना लाइसेंस के मिडिल क्लास फेल व्यक्ति चला रहे हैं मेडिकल स्टोर

### फार्मेसी नियमों का खुला उल्लंघन, आमजन के जीवन से हो रहा खिलवाड़




**कैलारस।** इन दिनों कैलारस में एक दर्जन से ज्यादा मिडिल क्लास फेल व्यक्ति मेडिकल की दुकानें संचालित किए हुए हैं जो कि हर गली मोहल्ले में देखी जा सकती है। इन मेडिकलों की सबसे खास अलग पहचान यह बनी हुई है कि ड्रस इस्पेक्टर को मालूम होने के बावजूद भी इन पर कार्रवाई नहीं की जाती है एवं फार्मेसी एक्ट का कोई भी मेडिकल संचालक पालन नहीं कर रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण इन मेडिकलों के संचालकों पर सवाल उठता है जो दसवीं पास तक नहीं है और वह मेडिकल का संचालन कैसे कर रहे हैं।

विदित हो कि कैलारस नगर में अधिकतर 60 प्रतिशत मेडिकल स्टोर के पास लाइसेंस तक नहीं है और जिनके पास लाइसेंस है भी तो वह ज्यादातर थोक के हैं। इसके अलावा जो लोग मेडीकल स्टोर का संचालन कर रहे हैं उन्हें दवाईयों के बारे में पता तक नहीं है। विशेष बात यह है कि नगर में 60 परसेंट मेडिकल या तो दूसरे किसी व्यक्ति के नाम से या फिर बिना लाइसेंस के चल रहे हैं। थोक लाइसेंस वाले भी खेरीज में दवा वितरित कर रहे हैं लेकिन ड्रग इंस्पेक्टर कार्यवाही तो दूर की बात कैलारस में मेडिकलों को चेक तक नहीं करने आते हैं। अधिकांश मेडिकल पर अभी देखने को मिलता है कि उनके पास सैंपल की भी दवाई मिल जाती है। मेडिकल वालों के साथ साथ डॉक्टर भी संपर्क करके ज्यादा रेट की दवाइयां लिखते रहते हैं। क्योंकि एक फिक्स रेट से कहीं तीन से चार गुना महंगी होती है इसका फायदा दुकानदार व डॉक्टर को भी सांठगांठ के द्वारा तैयार हो जाता है। मेडिकल संचालक ग्राहक को इसलिए बिल नहीं देते एक तो उनको निर्धारित टेक्स्ट शासन को नहीं देना पड़ता बिल देने पर टेक्स्ट और जीएसटी दोनों देनी पड़ेगी बिल न देकर वह सस्ती दवाएं भी महंगी रेट में बिक्री कर देते हैं। जब के बिल देने पर यह संभव नहीं होगा। इस तरह की मेडिकल स्टोर एमएस रोड, चौड़ा खरंजा, पहाड़गढ़ रोड पर देखे जा सकते है। फार्मेसी एक्ट के अनुसार प्रत्येक रिटेल मेडिकल स्टोर/फार्मेसी पर फार्मासिस्ट की मौजूदगी में ही दवाएं दी जा सकती हैं। अगर आप स्वयं फार्मासिस्ट हैं तो आपको ड्रग लाइसेंस मिल जाता है लेकिन आप फार्मासिस्ट नहीं हैं तो आपको फार्मासिस्ट की नियुक्ति करनी पडती है, तब लाइसेंस मिलता है।

# मृतक विश्वास के परिजनों ने केंद्रीय मंत्री को दिया ज्ञापन



**मुरैना।** सबलगढ़ थाना क्षेत्र में होली के दिन चंबल नदी में डूबकर मृत हुए विश्वास गर्ग के मामले में परिजनों ने हत्या का संदेह जताया था और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई थी, लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा मामले में कोई प्रगति नहीं किए जाने पर पीड़ित परिवार ने समाज के लोगों के साथ केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को ज्ञापन देकर मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि विश्वास गर्ग पुत्र सुनील गर्ग निवासी सबलगढ़ की लाश 19 मार्च को राजस्थान के मंडरायल क्षेत्र में चंबल नदी में मिली थी। घटना के बाद परिजनों ने आयुष गुप्ता एवं ऋषभ करण पर हत्या का संदेह जताया है तथा एसपी मुरैना को भी कुछ दिन पूर्व ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की थी। परिजनों का आरोप है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी कुछ गड़बड़ी हुई है और एक व्यक्ति विशेष ने अपने प्रभाव और धन के बल पर इस केस को प्रभावित कर दिया है व मामले में तथ्यों को छुपाया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने रविवार को केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के जौरा आगमन पर उन्हें ज्ञापन देकर मामले की शीघ्र जांच कराने की मांग की है।




# नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 10 अरब से अधिक का बजट किया पारित

### ट्रांसपोर्ट नगर, शॉपिंग कंपलेक्स, सीवर लाइन सहित विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य किए स्वीकृत



**मुरैना।** रविवार को नगर निगम के सभागार में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनेकों कार्य प्रस्तावित किए गए। जिसके लिए 10 अरब से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया। नगर निगम में आयोजित बजट बैठक में निगम प्रशासक चंबल कमिश्नर आशीष सक्सेना, एडीएम नरोत्तम भार्गव, निगम आयुक्त संजीव कुमार जैन सहित निगम के अनेकों शाखाओं के प्रभारी व वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। निगम आयुक्त संजीव जैन ने बैठक के दौरान बजट प्रस्तावित करते हुए बताया कि इस वर्ष निगम द्वारा 10 अरब 59 करोड़ 74 लाख 50 हज़ार रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है बजट का स्त्रोत राजस्व शाखा, संपत्ति कर, जलकर, ट्रांसपोर्ट नगर, सीवर लाइन, मुख्यमंत्री अधोसंरचना से की जाएगी। इसी के साथ उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में निगम द्वारा अनेकों नवीन कार्य प्रस्तावित किए गए हैं, जिन्हें कार्य योजना में शामिल किया गया है। श्री जैन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में ट्रांसपोर्ट नगर, शॉपिंग कंपलेक्स, एसडीआरएफ नाला, सेल्फी प्वाइंट, अटल सभागार, अटल प्रतिमा, अमृत 2.0 सीवर लाइन शेष 23 वार्डों में, रोड अनुदान 100 किलोमीटर तक, नवीन रोड निर्माण आमपुरा, वीआईपी रोड, श्मशान घाट से काका ढावा तक व इसके अलावा नगर के अनेकों वार्डो में रोड व नाला निर्माण, नाला नंबर 1 पर विद्युतिकरण कार्य, जौरी तालाब जल निकासी नाला निर्माण कार्य, नैनागढ़ रोड अंबाह रोड पर डिवाइडर मरम्मत व विद्युतिकरण कार्य, नवीन पार्कों का निर्माण जिसमें न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 2 व केशव कुंज एवं संजय पार्क में एक का निम्राण व जीर्णोद्धार किया जावेगा।

# संभाग स्तरीय टीएलएम मेले में राजेश धाकड़ ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान



**कैलारस।** संभाग स्तरीय टी एल एम मेला 26 व 27 मार्च 2022 को ग्वालियर में शिक्षा महाविद्यालय ग्वालियर में आयोजित किया गया, जिसमें भाषा, विज्ञान, पर्यावरण एवं गणित, विषय की जिले स्तर से चुनिंदा चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय इटौरा में पदस्थ संस्था प्रभारी राजेश धाकड़ द्वारा विज्ञान विषय में संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर अतिथियों द्वारा इन्हें ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया जो इस क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने कहा कि हमारे क्षेत्र के सभी शिक्षकों ने संकुल केंद्र से लेकर जिला एवं संभाग स्तर तक टीएलएम मेलों में कठोर परिश्रम कर टीएलएम मॉडल बनाए जिसका परिणामसवरूप हमारे विकास खंड का प्रतिनिधित्व अब संभाग से लेकर प्रदेश में भी होगा, जिससे हम सभी अत्यधिक उत्साहित हैं तथा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र की समस्त टीम द्वारा प्रतिभागी राजेश धाकड़ का संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से वीईओ जयवीर सिंह जादौन, समस्त प्राचार्य, बीएसी नवीन प्रताप सिंह जादौन, फखरुद्दीन खान, रमाकांत शर्मा, केशव शुक्ला, श्रीनिवास बघेल, योगेश शर्मा, जीतेंद्र सिंह धाकड़, सौरव अभिनेत्री, रामअवतार रजक सहित समस्त जन शिक्षक गण, समस्त शिक्षक गण, शिक्षाविद, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधि आदि ने बधाई दी है।

# नई दिल्ली रेल बोर्ड की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में रेल सुविधा की विभा अवस्थी ने उठाईमांग

**रायपुर–** भारतीय रेल बोर्ड रेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा पी ए सी बोर्ड की बैठक दिनांक 24 /03/ 2022 को नई दिल्ली रेल भवन में आयोजित की गई इस बैठक में रेल बोर्ड के चेयरमैन श्री पी के कृष्णदास। जी एवं सभी सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गई। सभी रेलवे स्टेशन ट्रेन में सफर कर यात्रियों के लिए कई सुविधाओं के ऊपर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही उनके समाधान के विषय पर एक ही करके विचार-विमर्श करके संबंधित अधिकारियों को अवगत कराकर उसके समाधान का पूरा प्रयास किया गया इस अवसर पर रेल बोर्ड पी ए सी सदस्य विभा अवस्थी के द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न मुद्दों पर बात की गई साथी ही छत्तीसगढ़ से लगे अन्य क्षेत्रों पर उन्हें ध्यानाकर्षण करा कर उक्त मांगों के समाधान के लिए मांग श्री पी.के कृष्णदास चेयरमेन पी ए सी बोर्ड के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री भारत सरकार श्री अश्विन कुमार वैष्णव जी से समाधान करने के लिए आग्रह किया। पुनः एक बार छत्तीसगढ़ पर केंद्रीय मंत्री और समिति के चेयरमैन का






ध्यानाकर्षण कराते हुए छत्तीसगढ़ में क्षेत्रों में रेल लाइन बिछाने के लिए और यात्रियों की सुविधा के लिए उनके समाधान के लिए मांग की गई छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्र हैं जहां पर भी रेल मार्ग की सुविधा नहीं है और इस वनांचल आदिवासी क्षेत्रों में बहुत सारी आवश्यकता है रेल का विकास व्यापक रूप से विकास होना चाहिए रायपुर रेल मंडल में महासमुंद रेल स्टेशन को जोड़ने की मांग एवं प्रदेश में नई रेल लाइन बिछाने की मांग और यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में बहुत सारी क्षेत्र में रेल लाइन की सर्वे की काम है वहीं अन्य प्रदेश मध्य प्रदेश में बालाघाट जिले से रेल लाइन के जोड़ने की जो अधूरे कामों से पूर्ण किए जाए। किसी भी गांव व क्षेत्र का विकास आवागमन सुविधा के बिना असंभव है, सडक मार्ग रेल मार्ग आदि आवागमन के मुख्य स्त्रोत में शामिल है। बस्तर को प्रदेश की राजधानी रायपुर से जोड़ने के लिए वर्तमान में एकमात्र सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 से होकर आवागमन की सुविधा है। सड़क मार्ग होने के चलते कभी सड़क मरम्मत तो कभी सड़क दुर्घटनाओं के कारण आए दिन किसी न किसी कारणों से आवागमन बाधित होने के मामले आते रहते है। कैंसिल कराने की मांग स्थानीय ग्रामीणों जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा बार-बार अवगत कराया गया आज तक मांग पूरी नहीं हुई

वहीं रायपुर से राजिम गरियाबंद देवभोग को रेलवे रेल मार्ग से जोड़ने की मांग सर्वे कराने की बात रखी गई एवं महासमुंद रेलवे स्टेशन संबलपुर डिविजन में आता है उसे बिलासपुर जोन में रायपुर मंडल में जोड़ने मांग की गई साथ ही रायपुर राजधानी मुख्यालय में सुविधाओं को लेकर रेल की माध्यम से नव निर्माण की बात रखी गई। छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध डोगरगढ़ में मां बमलेश्वरी मंदिर में पर्यटन की दृष्टि से बहुत सारी जिसमें सुपर फास्ट ट्रेन का स्टॉपेज करने की बात रखी गई रेलवे परिसर में पर्यटन को देखते हुए यात्रियों के निवास के लिए रेल मंडल के द्वारा निर्माण करना चाहिए ताकि यात्री तोड़ जाते हैं उन्हें जगह भी आराम मिलेगा लाभ प्राप्त होगा। निकटवर्ती राज मध्य प्रदेश से बालाघाट जिला में बहुत पुरानी मांग यह कार्य अभी भी अपूर्ण है इस कार्य को पूर्ण करने की बात माननीय रेल मंत्री के माध्यम से जल्द से जल्द से पूर्ण कराया जाए वही जिले में अन्य स्थानों के सर्वे कराए गए और सर्वे पर ध्यानाकर्षण करते हुए उन सर्वे के कार्य को पूर्ण किया जाना चाहिए इसे रेल सुविधाओं के मार्ग बढ़ाया जा सके।

## भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कराने को लेकर बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजली टूडे**

**पलेरा।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के असामाजिक तत्त्वों द्वारा कितना स्थल को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया इस घटना से पूरा टीकमगढ़ जिले एवं पूरे बुंदेलखंड में भारी आक्रोश व्याप्त है अतः तनाव की स्थिति बनी हुई है आंदोलन कर रहे जनप्रतिनिधियों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया की उसी स्थान पर पुनः प्रतिमा स्थापित करने को कहा गया है अभी तक इस दिशा में कार्यवाही नहीं हुई है निवेदन है कि उक्त विषय में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश कर शीघ्र प्रतिमा स्थापित करने के निर्देश जारी करें एवं प्रतिमा हटाने वाले दोषियों कार कार्यवाही भी करने के निर्देश जारी करें।

## भागवत कथा सुनने से प्राप्त होता है ज्ञान : डॉ विवेक मिश्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा दोपहर 1:00 बजे राजघाट कॉलोनी दतिया निवास पर पहुंचे जहाँ निवास पर उपस्थित आम कार्यकर्ताओं से मुलाकात की इसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा उनाव रोड स्थित स्वामी जी महाराज कॉलेज पहुंचे जहां पर भारतीय जनता पार्टी जिला दतिया की कामकाजी बैठक में शामिल हुए इसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा बड़ोंनी पहुंचे जहां गहोई समाज के द्वारा आयोजित भागवत कथा में शामिल हुए और कथा वाचक महाराज को माला पहनाकर चरण छूकर आशीर्वाद लिया साथ ही भागवत कथा समिति के सदस्यों द्वारा डॉ विवेक मिश्रा का साल श्रीफल और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया इसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा दतिया पहुंचे जहां टाउन हॉल के पास गोविंद जी के मंदिर पर चल रही भागवत कथा में शामिल हुए और कथावाचक महाराज को साल और कुछ पुष्पमाला पहनाकर एवं चरण छूकर आशीर्वाद लिया उसके पश्चात भाजपा युवा नेता डॉ विवेक मिश्रा



दतिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में भी शामिल हुए इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी बृजेश यादव सतीश यादव जीतू कमरिया प्रवीण पाठक अक्कू दुबे रिंकू दुबे मानसिंह कुशवाहा गौरव दांगी जोली शुक्ला अंकित शर्मा राहुल पुरोहित संघर्ष यादव गौरव गुप्ता मुकेश बेडर रोहित शर्मा महिपाल बुंदेला शिवा राजा संदीप चौबे रूपेश योगी नीलेश साहू आयुष शर्मा बंटी यादव कुलदीप यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा और युवा मोर्चा पदाधिकारी साथ में मौजूद रहे।

## योगी की तर्ज पर बुलडोजर चलाने पहुँचा प्रशासन, लेकिन मामा के बुलडोजर की निकली हवा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

मेहगांव - मेहगांव में शुक्रवार को हुई गोलीबारी एवं नरसंहार में आरोपी राधेश्याम सोनी उर्फ बाबूजी सोनी के मकान को जमींदोज करने के लिये मेहगांव का प्रशासन पहुंचा था। मेहगांव नगरपरिषद अमले के साथ ही पुलिस



प्रशासन एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आज राधेश्याम सोनी के मकान को जेसीबी से जमीदोज करने के लिये भारी पुलिस बल एवं प्रशासन की मौजूदगी में इस बड़ी कार्यवाही को अंजाम देने पहुँचे। प्रशासन ने आज दोपहर 2 बजे नगर में अनाउंसमेंट कराया कि जिस किसी भी दुकानदार की दुकान इस मार्केट में है वह अपनी दुकान खाली कर दे। जिसके बाद प्रशासन ने जेसीबी चलाना शुरू किया। लेकिन थोड़ी ही देर के बाद जेसीबी बंद करवा दी गई। प्रशासन ने मकान को तोड़ने का प्रयास किया जिसमें मकान की रेलिंग को तोड़ पाये उसके बाद प्रशासन की कानाफूसी शुरू हो गई और करवाई जस की तस रुक गई। और प्रशासन अपनी जेसीबी लेकर वहीं से लौट गया। यूपी के मुख्यमंत्री योगी की तर्ज पर नही बन पाए बुलडोजर मामा, दबंगों के आगे फैल हुआ प्रशासन

## रन्नौद पुलिस की सतर्कता से मिला मोबाइल

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी** - शिवपुरी जिले मैं पुलिस की सतर्कता से खोया हुआ मोबाइल वापस मिल गया जिससे जिनका मोबाइल खोया था वह बहुत खुश है



हरिओम परिहार रन्नौद से शिवपुरी जा रहे थे इस बीच उनका मोबाइल कहीं गुम हो गया जिसकी सूचना तत्काल रन्नौद थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता को दी गई उन्होंने तुरंत वरित कार्रवाई करते हुए मामले को संज्ञान में लिया और मोबाइल को ट्रैकिंग पर डाल दिया 6 दिन बाद मोबाइल को हरिओम परिहार के सुपुर्द किया गया जिससे हरिओम एवं उनका परिवार खुश है एवं पुलिस की कार्यप्रणाली की क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है इसमें दीवान प्रदीप तोमर एवं अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।

## शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो इसे पियेगा वह दहाड़ेगा : बघेल

### पाल बघेल समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी** -शिक्षा वह शेरनी का दूध जो इसको पियेगा वही दहाड़ेगा, इसलिए सभी को शिक्षा हासिल करने के लिए जीतोड़ मेहनत करना है, जो युवा पढ़ाई कर रहे हैं या नौकरी की तैयारी कर रहे हैं वे अपना 100 प्रतिशत प्रयास करें। यह बात आज वार्ड 17 लुधावाली में आयोजित पाल बघेल महासभा के होली मिलन समारोह समाज के जिलाद्यक्ष एडवोकेट रामस्वरुप बघेल ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य नौकरी हासिल करना ही नहीं होता नौकरी तो कुछ ही लोगों को मिलती है फिर भी जो शिक्षित होता है वह कोई व्यवसाय या खेती भी ठीक ढंग से करता है, यदि शिक्षित लोग कृषि भी वेज्ञानिक ढंग से



करेंगे तो हम अच्छा मुनाफा कमा सकेंगे। श्री बघेल ने कहा कि हम अपने अपने हिस्से का कुआं अलग अलग न खोदे हम सब मिलकर एक ही कुंआ खोदे तो कुआं भी बन जाएगा और हमारी प्यास भी बुझेगी, यह बात उन्होंने सामाजिक संगठन में एकता लाने के लिए कही। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा के जिला उपाद्यक्ष जशवंत सिंह बघेल ने कहा जिस व्यक्ति ने संघर्ष किया है वह सफल अवश्य हुआ है, उन्होंने कहा कि यदि हम अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए युवा जिलाद्यक्ष नीरज पाल ने कहा कि युवाओं के हाथ में ही देश का भविष्य है युवा ही समाज का भी भविष्य हैं। कार्यक्रम को अखिल भारतीय युवा पाल महासभा के शहर अद्यक्ष विशाल पाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम युवाओं का भी योगदान समाज को आगे बढ़ाने में होना चाहिए। इस कार्यक्रम में समाज के जिला उपाद्यक्ष श्रीलाल बघेल, परसादी पाल, घनश्याम बघेल हरिपुर, दीपेंद्र पाल, मनोज पाल, रामगोपाल बघेल, अमित पाल, अमुख पाल, सतेंद्र पाल, रामनिवास बघेल, सूरज पाल, कालीचरण पाल, मानसिंह बघेल, मनीष बघेल, अजमेर सिंह बघेल, राजीव पाल, पवन बघेल, परमाल बघेल, मनीष पाल, केदार पाल, रामलखन बघेल मौजूद थे।

## करौली माता जा रहे भक्तो का भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष चीमा एवं उनकी टीम ने किया भव्य स्वागत

**अनिल कुशवाह पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी–** कोलारस नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी करीबन 1 सैकड़ा भक्तों का जत्था कोलारस से करौली माता दर्शन के लिए पैदल रवाना हुआ कोलारस नगर से चलते ही भक्तों का कोलारस के समाजसेवी द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया जिसमें खालसा होटल पर स्वागत कर्ता ड्ड गुरप्रीत सिंह चीमा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ,किशन सिंह यादव भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला प्रचार मंत्री ,दीप रंधावा भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी, गणेश धाकड़ किसान मोर्चा जिला मंत्री, प्रदीप त्यागी समाजसेवी ,करण सिंह यादव पूर्व ठेकेदार न पा, कैलाश यादव एडवोकेट ,बसंत श्रीवास्तव ,सूरज यादव पत्रकार संदीप यादव समाजसेवी ,संदीप सिंह सरदार समाजसेवी ,गुरमेज सिंह समाजसेवी ,माटू पूर्व सरपंच ,राजेश त्यागी



पंचायत सचिव, जय सिंह राजावत, कुलदीप गुप्ता ,रोहित गर्ग इंडेन गैस कोलारस, दीपक राठौर, सिल्लू जैन, भागीरथ सैन, संजय कुशवाह , रितिक प्रधान, आकाश नामदेव, बिट्टू पंडित आदि लोगों ने किया स्वागत इसमें लगभग एक सैकड़ा भक्तों में राम सिंह कुशवाह जगदीश सिंह यादव दाऊ साहब खट्टु वर्मा मान सिंह जादौन मनीष कुशवाहा दिलीप गुप्ता लक्ष्मण कुशवाहा भैया श्रीवास्तव भैया धाकड़ आदि भार्गव जगराम कुशवाह नरेश कुशवाहा प्रकाश कुशवाह अर्जुन यादव प्रिंस यादव मोहन सिंह कुशवाह रूपेश लोधी शिव्वू कुशवाह लगभग एक सैकड़ा भक्तगण यात्रा में सम्मिलित रहे

### इनका कहना है

किशन सिंह यादव भाजपा किसान मोर्चा जिला प्रचार मंत्री जी ने बताया लगभग 250 किलोमीटर की पैदल यात्रा जिसमें लगभग 80 भक्तगण शामिल है लगभग 5 दिनों में पूरी हो जाएगी यह यात्रा 15 सालों से निरंतर जारी है

## दशामाता की पूजा कर धारण किया डोरा, घर-परिवार में सुख-समृद्धि की करी कामना

**पुष्पांजली टुडे**

**मैलाणा।** छैलाराम मेघवाल। क्षेत्र में रविवार को दशामाता का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रख पीपल की पूजा कर दशामाता की कथा सुनी। महिलाओं ने पीपल के पेड़ का



पूजन कर उस पर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा की। मंदिरों में व दशामाता स्थान पर पूजा के लिए महिलाओं की भीड़ रही। क्षेत्र के आस पास गांवों में कई स्थानों पर सुबह से महिलाओं की भीड़ देखी गई। महिलाओं ने सूत के धागों से बनी माला गले में धारण की। इस दौरान महिलाओ ने घर-परिवार की दशा अच्छी रहने, संकटों से मुक्ति मिलने और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सौभाग्यवती के लिए कामना की गई तथा बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया।इस अवसर पर घरों में मीठे व्यंजन चूरमा, लड्डू ,हलवा आदि बनाकर दशामाता को भोग लगाकर व्रत खोला। पंडितों के अनुसार नौ ग्रह और नौ देवियों को प्रसन्न करने के लिए यह पूजन-व्रत किया जाता है। दशा माता का पूजन कर महिलाएं घर-परिवार की दशा अच्छी रहने, संकटों से मुक्ति मिलने और परिवार में सुखी रहने की कामना की।

## राजस्थानी महिलाओं ने की दशा माता की पूजा-अर्चना



पुष्पाजंली टुडे

**मैसूरु** –जिला के बन्नूर कस्बा में आज राजस्थानी महिलाओं की ओर से सिनेमाघर मार्ग पर स्थित मंदिर में दशा माता की पूजा अर्चना की गई द्य अखिल भारतीय पर्यावरण जाग्रति संगठन अध्यक्ष एवं समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने बताया की दशा माता व्रत को लेकर राजस्थानी महिलाओं ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर पूजा का थाल लेकर समूह में बैठते हुए कथा सुन कर पूजा की गई द्य पीपल वृक्ष के परिक्रमा लगाई द्य महिलाओं ने पूजा कर व्रत खोला द्य प्रत्येक सुहागिन घर की दशा सुधारने व सुख समृद्धि हेतु मनोकामना कर पूजन किया ।

## माझी (केवट) समाज उत्थान समिति क्षेत्र धायमहादेव मंदिर खोड़ की कार्यकारिणी घोषित



पुष्पांजली टुडे

**पिछोर (शिवपुरी)** माझी (केवट) समाज उत्थान समिति क्षेत्र धायमहादेव मंदिर खोड़ के अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह केवट (आसपुर) ने गत दिवस बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव ठहराव दिनांक 01-03-2022 के संदर्भ में धायमहादेव मंदिर खोड़ के आसपास माझी समाज के सभी ग्रामों को प्रतिनिधित्व प्रदान करते हुए समिति में फेरबदल एवं विस्तार कर पुर्नगठित कार्यकारिणी निम्नानुसार घोषित की है! अध्यक्ष- श्री विक्रम सिंह केवट आसपुर, उपाध्यक्ष- लखनलाल माझी ऊमरीखुर्द, कार्यकारी अध्यक्ष- राजू केवट आसपुर, सचिव- मुकेश केवट मनपुरा, सहायक सचिव- सुनील केवट आसपुर, कोषाध्यक्ष- जगदीश केवट ऊमरीकलां, संगठन मंत्री- अतरसिंह केवट भौंती, संगठन मंत्री- नारायणदास केवट बूढौन, प्रचार मंत्री- जगदीश केवट मनपुरा, प्रचार मंत्री- अमरलाल केवट माचमौर एवं इनके अलावा कार्यकारणी सदस्य- सर्व श्री बीरन केवट खोड़, सुखबीर केवट देवरी, कृपाल केवट ढला, बिजलाल केवट नावली, महेश केवट डगरिया, सूरज केवट पिपरौनियां, कोमल केवट रुपेपुर, आशाराम केवट खोड़, कोमल केवट बरखेड़ा, देवराज केवट पुरैनी, संतोष केवट भौंती, कैलाश केवट खोड़, घनश्याम केवट बडैरा, नंदलाल केवट नागुली, पातीराम केवट पायगा को सर्वसम्मति से चुने गए हैं!

## ट्रेन में नकली टीटीई बनकर आया और यात्री से उधार में पैसे लेकर हो गया गायब

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में नकली टीटीई बनकर आया और हजारों रुपये लेकर चला गया। यात्रियों के साथ हो रही इस ठगी को रेलवे ने अभी तक गंभीरता से नहीं लिया है। हालांकि आरपीएफ का कहना है कि उन्हें ऐसी शिकायत मिली है, जिसके बाद ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ा दी है। यात्री के मुताबिक ट्रेन रवाना होने से कुछ देर पहले फस्ट और सेकंड एसी कोच में आते हैं। इनसे दो से तीन हजार रुपये यह कहकर मांगते हैं कि उनकी ड्यूटी कोच में ही है और जब वे टिकट जांच करने आएंगे तो पैसे दे देंगे।

### 16 अगस्त से दिल्ली में शुरू होगा बेरोजगारी के खिलाफ राष्ट्रीय रोजगार आन्दोलन

# देश की बात फाउंडेशन की स्टेट कोआर्डिनेटर खुशबू व्यास के द्वारा बताया गया कि आगामी

राष्ट्रीय रोजगार सम्मेलन मे आये देश भर के 200 से अधिक प्रमुख छात्र संगठन, युवा संगठन, शिक्षक संगठन, ट्रेड यूनियन, किसान यूनियन, महिला संगठन, LGBTIQ+, पत्रकार संगठन, दलित संगठन, आदिवासी संगठन, NGO's आदि संगठनों की सयुंक्त रोजगार आंदोलन समिति बनी पिछले वर्ष दिल्ली की जंतर मंतर पर हुई रोजगार संसद की तर्ज पर, 1 मई से 26 जून तक सभी राज्यों मे होगा रोजगार संसद का आयोजन 1 जुलाई से 31 जुलाई तक पुरे देश मे विश्वविद्यालय, कॉलेज, एवम तहसील व जिला स्तर पर निकली जाएगी रोजगार संवाद यात्रा बेरोजगारी के खिलाफ राष्ट्रीय आन्दोलन की रूप रेखा बनाने को लेकर दो दिवसीय राष्ट्रीय रोजगार सम्मेलन का समापन दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम सिविल लाइन्स मे हुआ, जिसमे निर्णय लिया गया की 16 अगस्त से दिल्ली मे शुरू होगा बेरोजगारी के खिलाफ राष्ट्रीय रोजगार आन्दोलन मुख्य अतिथि रहे श्री गोपाल राय ने कहा बेरोजगारी के समाधान के लिए राष्ट्रीय रोजगार नीति बनाना वक्त की मांग, देश बेरोजगारी के भयावह संकट से जूझ रहा है । बड़ी- बड़ी डिग्रियां लेकर भी युवा आज काम के लिए दर -दर भटक रहे हैं । रोजगार का नया सृजन करना तो दूर देशभर में लाखों खाली पड़ी सरकारी वेकैंसी पर भी भर्ती नहीं की जा रही है, इसके उलट भर्ती की जगह युवाओंको लाठियां मिल रही है अभी हाल ही मे पुरे देश ने देखा की किस तरह रेलवे RRB-NTPC की भर्ती को लेकर छात्रों के उपर बर्बर दमन किया गया द्ब जहाँ भर्ती हो भी रही है, ठेकेदारी व्यवस्था के तहत हो रही है, जहाँ मिनिमम वेज इतना कम है की जिससे काम करने के बावजूद भी लोगो को सम्मानपूर्वक जीवन जीना मुश्किल हो रहा है, प्राइवेट सेक्टर मे भी रोजगार के नए अवसर पैदा होने की जगह छटनी की तलवार लोगों के सर मंडरा रही है द्ब वहीं हम देख रहे है की देश के किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनवाने के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं जहाँ तक देश की आधी आबादी महिलाओं का प्रश्न है उनकी आर्थिक मजबूती के लिए सरकार के पास कोई कार्ययोजना नही है बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए भारत में आजादी के बाद जिस तरह की नीतियां बनाने की जरूरत थी, हमारी अब तक की सरकारों ने वैसी नीतियां नही बनाई। यही वजय है कि आजादी के सात दशक से ज्यादा वक्त गुजर जाने के बाद भी हमारे देश में राष्ट्रीय रोजगार नीति नहीं बन पाई है द्ब पहले से ही बेरोजगारी की मार झेल रही हमारी अर्थव्यवस्था को कोरोना ने और आधिक चिंताजनक स्तिथि मे पहुचां दिया आज बेरोजगारी की समस्या ना सिर्फ गांव के लोगों की है बल्कि जो लोग बड़े-बड़े शहरों में रहते हैं, उनकी भी समस्या है द्ब चाहे कोई किसी भी जाति में पैदा हुआ हो, किसी भी धर्म को मानने वाला हो, किसी भी भाषा को बोलने वाला हो, चाहे कोई किसी भी क्षेत्र का रहने वाला हो, चाहे महिला हो, पुरुष हो या फिर ट्रांस जेंडर, कोई भी बेरोजगारी की इस मार से नहीं बच पाया है द्ब श्री गोपाल राय ने कहा पिछले कई वर्षों से बेरोजगारी व आर्थिक समस्याओं को लेकर छात्र, युवा, मजदूर, किसान, महिलाएं सहित देश के तमाम संगठनअलग-अलग तरीके से संघर्ष कर रहे हैं लेकिन केंद्र की सरकार सुनने को तैयार नहीं है ऐसे समय में ये वक्त की जरूरत है कि बेरोजगारी के खिलाफ सभी संगठन मिलकर राष्ट्रीय आंदोलन की पहल करें राष्ट्रीय रोजगार सम्मेलन मे आये देश भर के 200 से अधिक प्रमुख छात्र संगठन, युवा संगठन, शिक्षक संगठन, ट्रेड यूनियन, किसान यूनियन, महिला संगठन, LGBTIQ+, पत्रकार संगठन, दलित संगठन, आदिवासी संगठन, ह्लत्नह्र%ह्य आदि संगठनों की सयुंक्त रोजगार आंदोलन समिति बनी, SRAS के सभी सदस्यों ने देश भर के अन्य संगठनो को रोजगार आंदोलन मे जोड़ने की सामूहिक जिम्मेदारी ली पिछले वर्ष दिल्ली की जंतर मंतर पर हुई रोजगार संसद की तर्ज पर, 1 मई से 26 जून तक सभी राज्यों मे होगा रोजगार संसद का आयोजन, जिसमें वहाँ के सभी संघर्षरत संगठन शामिल होंगे, जिसका विवरण इस प्रकार है-

**तारीख स्थान राज्य**

01.05.2022 जयपुर राज्यस्थान
08.05.2022 भोपाल मध्यप्रदेश
08.05.2022 रोहतक हरियाणा
08.05.2022 राँची झारखण्ड
15.05.2022 भुवनेश्वर ओड़िशा
22.05.2022 लखनऊ उत्तर प्रदेश
22.05.2022 त्रिवंदपुरम केरला
22.05.2022 अमृतसर पंजाब
22.05.2022 रायपुर छत्तीसगढ़
22.05.2022 चेन्नई तमिलनाडु
05.06.2022 बेंगलोरे कर्नाटक
05.06.2022 कोलकत्ता पश्चिम बंगाल
12.06.2022 श्रीनगर जम्मू-कश्मीर
12.06.2022 शिमला हिमाचल प्रदेश
12.06.2022 हेदराबाद तेलंगाना × आँध्रप्रदेश
12.06.2022 गुवाहाटी असम
12.06.2022 पटना बिहार
19.06.2022 अहमदाबाद गुजरात
19.06.2022 देहरादून उत्तराखंड
19.06.2022 पंदजी गोंवा
26.06.2022 मुंबई महाराष्ट्र

1 जुलाई से 31 जुलाई तक पुरे देश मे विश्वविद्यालय, कॉलेज, एवम तहसील व जिला स्तर पर रोजगार संवाद यात्रा निकली जाएगी, जिसमें वहाँ के सभी संघर्षरत संगठन शामिल होंगे

खुशबू व्यास
स्टेट कोऑर्डिनेटर
देश की बात फाउंडेशन
ग्वालियर मध्य प्रदेश

## स्वामी तेजानंद महाराज ने व्यापारियों की समस्याओं का लिया संज्ञान

पुष्पाजंली टुडे

**चेन्नई** –तारीख 27मार्च 2022 सुबह 10बजे सातनूर जिला तिरुनामेलेई मे तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश सहसचिव प्रवीण चौधरी के पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स दुकान के ओपनिंग कार्यक्रम मे भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द



तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश सहसचिव कल्याणराम हाम्बड़ पेडवेड़ चेनाराम सीरवी पेरीयपालीयम के भूतपूर्व उपसरपंच विजयकुमार नाईडू भागीरत जाट चौधरी ने भाग लियाद्य इस ओपनिंग कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द सघंठन के पदाधिकारी दोपहर 2बजे सीरवी समाज ट्रस्ट वन्दवासी पहुच कर क्षेत्र के गिरवी ऐवम ज्वेलर्स व्यापारियों कि समस्याओं का संज्ञान लिया इस कार्यक्रम में सघंठन के वन्दवासी ऐरीया प्रभारी वि. पारसमल पवार दिनेश सीरवी सघंठन के वन्दवासी क्षेत्र के सभी पदाधिकारिगण उपस्थित होकर प्रदेश अध्यक्ष को ऐरीया कि समस्याओं से अवगत कराया ।इस कार्यक्रम मे स्वामी तेजानन्द क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों से इमानदारी वह भय मुक्त वह कानून के दायरे मे रह कर व्यापार करने का आवाहन किया।

## पर्यटन के प्रति जागरूक करने के लिए हुआ हेरिटेज वॉक का आयोजन

### शहरवासियों ने उत्साह से लिया भाग और शिवपुरी के पर्यटन के बारे में जाना।

मोनू नामदेव पुष्पांजली टुडे

**शिवपुरी।** शिवपुरी पर्यटन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डीएटीसीसी की ओर से इस रविवार को प्रातः 6 बजे से शिवपुरी शहर में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। यह हेरिटेज वॉक टूरिस्ट वेलकम सेंटर से प्रारंभ होकर छत्री, बाणगंगा मंदिर होते हुए भदैया कुंड पर समाप्त हुई। जिसमें कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल, पर्यटन संवर्धन बोर्ड की सचिव



एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल, एसडीएम गणेश जायसवाल सहित अन्य अधिकारियों, खिलाड़ियों, स्कूल के बच्चों, पत्रकारों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और सभी ने पर्यटक स्थलों के बारे में जाना। शहरवासियों में हेरीटेज वॉक को लेकर खासा उत्साह दिखा। हेरिटेज वॉक के दौरान साहित्यकारों ने ऐतिहासिक पर्यटक स्थलों के बारे में बताया। इस हेरिटेज वॉक का उद्देश्य शिवपुरी के इतिहास के बारे में बताना और पर्यटन को बढ़ावा देना है। अब छत्री के लिए नया मुख्य द्वार खोला जा रहा है। आज उस मुख्य द्वार से सभी ने छत्री में प्रवेश किया।

भदैया कुंड पर समाप्त हुई हेरिटेज वॉक में अंत में सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अपने शहर को स्वच्छ रखने में सभी नागरिकों ने अपना योगदान देने का संकल्प लिया। सभी को स्वल्पाहार का वितरण किया गया।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इलेक्ट्रिक बंधन रागिनी फाउंडेशन से जुड़ी श्रीमती वंदना शिवहरे ने इलेक्ट्रिक वाहन का प्रदर्शन किया और पर्यावरण संरक्षण में इनके योगदान के बारे में बताया।

## सुभाष यादव फाउंडेशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

कसरावद तहसील के ग्राम बलकवाड़ा में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन शिविर सुभाष यादव फाउंडेशन बोरावा के द्वारा निशुल्क आयोजन रखा गया जिसमें डॉक्टर द्वारा निशुल्क परामर्श दिया गया हड्डी रोग विशेषज्ञ हृदय नेत्र रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ स्पाइनर सर्जरी रोग विशेषज्ञ जनरल फिजिशियन सर्जन ईसीजी ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच भी फ्री में की गई लगभग 150 लोगों की जांच एवं परामर्श किया गया फ्री कैंप में चयनित मरीजों को अस्पताल ले जाने की सुविधा फ्री रखी गई यह आयोजन सुभाष यादव फाउंडेशन द्वारा कसरावद के ग्राम बलकवाड़ा में जैन धर्मशाला में रखा गया आयोजन आयोजन के संचालक प्रोफेसर हनीफ खान ,इंदर सिंह राठौड़, गुलाब चंद पटेल ,डॉक्टर इलियास खान ,अखिलेश पाटीदार ,पुरण राठौड़, परसराम यादव ,रितेश अजनारे ,बशीर खान ,दारा खान एवं अन्य लोग मौजूद थे जिसमें काकरिया बेसर कुंड कातरीया रसवा अन्य ग्रामीण लोग निशुल्क कैंप में पहुंचे एवं स्वास्थ्य लाभ लिया कार्यक्रम के आयोजन करता सुभाष यादव फाउंडेशन के अरुण यादव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस एवं सचिन यादव पूर्व कृषि मंत्री कसरावद विधायक द्वारा आयोजन किया गया खरगोन के मुन्ना खान।

## समस्त शासकीय कार्यालयों में 10 प्रतिशत विद्युत बचत की जाएं।

मोनू नामदेव शिवपुरी
9993931230

**शिवपुरी।** प्रत्येक व्यक्ति को ऊर्जा के व्यय अपव्यय संबंधित प्राथमिक जानकारी होना आवश्यक हैं। इसी परिपेक्ष्य में, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार के मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा ऊर्जा साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत समस्त शासकीय कार्यालयों में ऊर्जा खपत में कम से कम 10 प्रतिशत विद्युत बचत सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। इस अभियान से जुड़ने के लिए 222.ह्वह्यद्धड्ड.द्गश्च.द्दश्1.द्बठ्ठ पर रुश्द्दद्बठ्ठ किया जा सकता है।

### विद्युत ऊर्जा बचत के लिए उपाय

कार्यालय में जरूरत न होने पर उपकरण को मुख्य स्विच से स्विच ऑफ करें। कार्यालय से जाते समय समस्त विद्युत उपकरणों को स्विच ऑफ करें। कार्यालयों में सामान्य बल्ब की जगह गुणवत्तायुक्त एल.ई.डी. बल्ब का उपयोग करें, जो सामान्य बल्ब की अपेक्षा विद्युत की बचत करते हैं एवं अधिक समय तक खराब भी नहीं होते हैं। कार्यालयों में दिन के समय कम बल्ब, न्यूनतम आवश्यकतानुसार उपयोग करें। कंप्यूटर में स्क्रीन सेवर का उपयोग न करते हुए स्क्रीन सेवर की जगह ब्लैक (ड्ड्यड्डठ्ठद्म) पर सेटिंग करें इससे बिजली की बचत होगी। एयर कंडीशनर को आदर्श तापमान पर सेटिंग करें एवं यदि आवश्यक न हो तो एयर कंडीशनर का उपयोग न करें। कम्प्यूटर, मॉनिटर, प्रिंटर, कोपियर को स्लीप मोड में सेटिंग करें, जिससे विद्युत की बचत होगी। कार्यालय में पंखे को नियंत्रित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर का उपयोग करें।

# खौड मे अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी की प्रथम बैठक में अंबेडकर भवन हेतु भूमि आवंटन के लिए रखा प्रस्ताव

पुष्पांजली टुडे पाली

**राजस्थान** । रानी पाली। खौड खेतलाजी मंदिर प्रांगण में डॉ.भीमराव अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी की पंजीकृत संस्था शाखा खौड की प्रथम बैठक आयोजित हुई ।जिसमें अंबेडकर भवन हेतु भूमि आवंटन के लिए खौड ग्राम पंचायत से मांग करने का प्रस्ताव लिया गया। जिसमें चार कमरा मय हाल एवं बरामदा तथा बच्चों के खेलने हेतु मैदान व बगीचा के लिए प्रस्ताव बनाया गया। बैठक में अध्यक्ष कानाराम आदिवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ने और एक दूसरे की मदद करने की बात कही। वही अध्यक्ष आदिवाल ने अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी संस्थान को 51 हजार की राशि प्रदान की संरक्षक जवाहरलाल परिहार ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट रहने के बारे में कहा। ओपाराम मेघवाल ने संगठित होकर सभी को साथ लेकर चलने की बात कही। मीडिया प्रवक्ता अरविंद गोयल ने समाज के पिछड़े लोगों को मदद करके आगे लाने के बारे मे कहा।



### यह रहे मौजूद

इस मौके पर अध्यक्ष कानाराम आदिवाल, संरक्षक जवाहरलाल परिहार ,उपाध्यक्ष मादाराम मीणा, सचिव ओपाराम मेघवाल खौड, कोषाध्यक्ष दिलीप जवडा,संगठन मंत्री जसाराम आगलेसा,मीडिया प्रवक्ता अरविंद गोयल, लुंबाराम मीणा, मोहनलाल मेघवाल, नैनाराम बावरी, अर्जुनदास संत, ताराराम मीणा, नारायणलाल पुच्छल, अनाराम आदरा, जगदीश आदरा, भरतकुमार बावरी ,कानाराम बावरी,आजाद कुमार परिहार , नरेंद्र परिहार, बाबूलाल परमार, पुनाराम हीरागर, रमेशकुमार हीरागर, गणाराम मीणा, कालूराम मीणा, देवाराम मीणा, सुरेश कुमार मीणा, मांगीलाल मनावत, मोतीलाल आदिवाल, हिम्मताराम आदिवाल, फुटरमल आदिवाल, शिवप्रकाश धोल, सुनील घरू, पप्पूराम हीरागर ,श्रवणकुमार सरगरा, मंगलाराम हीरागर, चंपालाल हीरागर,सुरेश कुमार, नेकाराम, भरत मेघवाल, दिलीप आदरा आदि मौजूद रहे।

## शिवपुरी पुलिस ने अंधे कत्ल का पर्दाफास कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, पत्नी से प्रेम प्रशंग की शंका पर मृतक को शराव पार्टी के लिये बुलाकर तीनों ने मिलकर कर दी थी हत्या ।

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-दिनांक 25.03.2022 को थाने पर फरियादी सिद्धार्थ कुशवाह ने रिपोर्ट किया कि मेरा भाई अर्जुन सिंह कुशवाह कल दिनांक 24.03.22 की शाम 08.30 बजे घर से चला गया है आज दिनांक को मुझे सुबह 9 बजे सूचना मिली की मेरा भाई अर्जुन कुशवाह कंजर डेरा पहाडिया मे मृत पडा है सूचना पर से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 144/22 धारा 302 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक श्री राजेश चंदेल जी के द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों से प्रकरण के अज्ञात आरोपीगणो की शीघ्र गिरफ्तारी के लिये आदेशित किया गया एवं अज्ञात आरोपियो की पतारसी एवं गिरफ्तारी पर 10,000 रूपये का नगद इनाम घोषित किया गया । जिसके पालन में अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया जी के निर्देशन में स्ष्ठह्रक्करैरा जी0डी0 शर्मा जी को शीघ्र टीम बनाकर प्रकरण के अज्ञात आरोपीगणो की पतारसी,साक्ष्य संकलन एवं तुरंत गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें थाना प्रभारी करैरा निरी0 सतीश चौहान, उनि दीपक शर्मा ,उनि कुलदीप सिंह, उनि विजय खत्री, आर. 696 सोनू पाण्डे, आर. 617 ओमप्रकाश रावत,आर. 670 देवेश तोमर की टीम तैयार की गयी । गठित टीम द्वारा सायबर सेल की मदद एवं मजबूत मुखबिर तंत्र की मदद से आज दिनांक 27.03.22 को अंधे कत्ल का शीघ्र खुलासा करते हुए आरोपी नि.गणेशखेडा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो उसने अपनी पत्नि के साथ मृतक के प्रेम प्रसंग होने की शंका के कारण अपने दोस्त व साले की मदद से मृतक को शराब पीने व पार्टी करने की कहकर घर से ले गये और कंजर बस्ती के पास मृतक को पहले ज्यादा मात्रा में शराब पिलायी और फिर शराब पिलाकर गला घोंट कर हत्या कर दी और उसे घटना स्थल से उठाकर ग्राम छिरारी बांसगड़ रोड़ पर के पास बने बन विभाग की बाउन्ड्री हेतु खोदी गयी नींव के गड्ढे में फेंक देना स्वीकार किया । अंधे कत्ल का खुलासा करते हुये गठित टीम द्वारा तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है । अंधे कत्ल के खुलासा व आरोपियो को गिरफ्तार करने में निरी0 सतीश चौहान, उनि दीपक शर्मा ,उनि कुलदीप सिंह, उनि विजय खत्री, आर. 696 सोनू पाण्डे, आर. 617 ओमप्रकाश रावत,आर. 670 देवेश तोमर,आर 739 राघवेन्द्र,आर. 660 लोकेन्द्र सेंगर व सायबरसेल में पदस्थ प्र.आ.देवेन्द्र सेन तथा डायल 100 में तैनात आर मोहन सिंह ,चालक रविन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## 50 फीसदी कापियों का नहीं हो पाया मूल्यांकन

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की 50 फीसदी कापियों का मूल्यांकन भी नहीं हो पाया है। इससे परीक्षा परिणाम आने में विलंब होने की पूरी आशंका है। कापियां का मूल्यांकन कार्य पांच मार्च से शुरू हुआ है लेकिन अभी तक 50 फीसदी कापियों का मूल्यांकन नहीं हो पाया है। वहीं लोक शिक्षण संचालनालय ने 28 मार्च से ग्यारहवीं की कक्षाएं शुरू करने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा अन्य कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं। अगर ग्यारहवीं की कक्षाएं कर दी जाती है, तो दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट पर भी असर पड़ेगा। अभी तक मूल्यांकन कार्य 50 फीसद भी पूरा नहीं हो पाया है।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन शहरवासियों और विद्यार्थियों को भी कराएँ : श्री सिंधिया

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने जलालपुर के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया अवलोकन

### शहरवासियों को एक अप्रैल से प्रतिदिन मिलेगा पेयजल





ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को ग्वालियर में 296.52 करोड़ रूपए की लागत से अमृत परियोजना के तहत निर्मित किए गए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया। इस प्लांट के माध्यम से ग्वालियर में एक अप्रैल से प्रतिदिन जल प्रदाय किया जायेगा।

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के भ्रमण के समय उनके साथ पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री श्रीमती माया सिंह, मध्यप्रदेश बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, श्री मदन कुशवाह, श्री रामबरन सिंह गुर्जर, श्री अशोक शर्मा सहित जनप्रतिनिधि और संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सहित नगर निगम के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि 160 एमएलडी के इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन शहर के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी अवश्य कराया जाए, ताकि लोगों को मालूम पड़ सके कि उनके घर तक पहुँचने वाला पेयजल, कितनी प्रक्रिया के बाद उनके पास पहुँचता है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने यह भी कहा कि अमृत परियोजना के तहत सभी डीएमए का काम पूर्ण होने के बाद ग्वालियरवासियों को 24×7 पानी उपलब्ध होने लगेगा।

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह भी कहा कि भारत सरकार एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्वालियर में अमृत परियोजना के माध्यम से सीवर एवं पानी के काम पूर्ण हुए हैं, इसका लाभ शहरवासियों को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ग्वालियर में बहुत पहले ही सीवर और पानी की व्यवस्था के लिये आधुनिक तकनीक का उपयोग कर व्यवस्थायें की गई थीं। बड़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों की संख्या बड़ाई गई, जिससे लोगों को पेयजल उपलब्ध हो सके।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने प्लांट का अवलोकन किया और प्लांट की गतिविधियों के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया को अमृत परियोजना के तहत किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। अधीक्षण यंत्री जल प्रदाय श्री आर एल एस मौर्य ने जानकारी दी कि अमृत परियोजना के तहत कुल 296.52 करोड़ रूपए की लागत से 836 किलोमीटर लाईन बिछाई गई है। 160 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण आर्ट ऑफ स्टेट पर आधारित तकनीक से किया गया है। इस प्लांट का मैन्युअल एवं ऑटो दोनों मोड पर संचालन किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि जलालपुर प्लांट से कुल 57 टंकियाँ भरी जा सकती हैं, जिसमें से 34 टंकियां मुरार क्षेत्र एवं 23 टंकियां लश्कर क्षेत्र की शामिल हैं। इस प्लांट का निर्माण वर्ष 2050 की जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए किया गया है। प्लांट को पीएलसी स्काडा से जोड़ा गया है। इसके साथ ही पूर्व में स्थित तीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 68 एमएलडी ओल्ड एवं 68 एमएलडी न्यू मोतीझील प्लांट, 45 एमएलडी तिघरा तथा शहर की 96 टंकियों को स्काडा से जोड़ा गया है। परियोजना के तहत अब तक 75 हजार हाउस सर्विस कनेक्शन दिए गए हैं। इस योजना से शहर की लगभग 4.5 लाख जनसंख्या लाभान्वित होगी।

### अमृत परियोजना की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

जलालपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर नगर निगम के जनसंपर्क विभाग द्वारा अमृत परियोजना पर केन्द्रित फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से अमृत परियोजना में अब तक किए गए कार्यों को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छायाचित्रों के माध्यम से भी परियोजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

### अमृत परियोजना की पुस्तिका का किया विमोचन

अमृत परियोजना के तहत पेयजल के क्षेत्र में किए गए निर्माण कार्यों के साथ ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और पाइप लाईन बिछाने के कार्य पर केन्द्रित एक पुस्तिका भी तैयार की गई है। इस पुस्तिका का विमोचन भी केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया एवं अतिथियों ने किया। इस पुस्तिका में अमृत परियोजना के संबंध में छायाचित्रों और आंकडों के माध्यम से जानकारी प्रदर्शित की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 31 मार्च तक सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा कर लें शत प्रतिशत तक अधिभार में छूट का लाभ

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों में त्वरित वसूली एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए लोक अदालत में प्रदान की गई पेनल्टी में छूट का लाभ 31 मार्च 2022 तक सम्प्तिकर एवं जलकर उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार शहर के नागरिकों के सम्पत्तिकर एवं जलकर के लंबित वसूली प्रकरणों के निराकरण के लिए लोक अदालत में प्रदान की गई पेनल्टी में छूट का लाभ 31 मार्च 2022 तक सम्पत्तिकर एवं जलकर उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। सम्पत्तिकर एवं जलकर उपभोक्ता नगर निगम के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, जलकर वसूली विन्डो एवं वार्ड कार्यालय में अपना कर जमा कर सकते हैं। जिसके अनुसार सम्पत्तिकर में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें 50 हजार से 1 लाख तक की राशि बकाया है, उनके अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट एवं 1 लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिन पर कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें 10 हजार से 50 हजार तक की राशि बकाया है, उनके अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट एवं 50 हजार रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट केवल एक बार में ही दी जाएगी।

### मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 3 मई 2022 को, शीघ्र कराएं पंजीयन

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत दिनांक 03 मई 2022 अक्षय तृतीय के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कराया जा रहा है। इस सम्मेलन में अपने बच्चों के विवाह कराने के लिए आप पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिये आप सात दिवस के अंदर दस्तावेज जमा कर पंजीयन करावें। उपायुक्त जनकल्याण डॉ अतिबल सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं भी नगर निगम से संपर्क कर गरीब कन्याओं के विवाह करा सकते हैं। विवाह एवं निकाह संस्कार का पूर्ण कार्य निःशुल्क कराया जावेगा। पात्रता हेतु ल?की की उम्र 18 वर्ष व ल?के की उम्र 21 वर्ष के प्रमाण पत्र, कन्या मप्र की मूल निवासी हो। इसके साथ ही कन्या का बैंक खाता नम्बर, वर व कन्या के फोटो, आधार नम्बर, समग्र आई.डी., म.प्र. का मूल निवासी प्रमाण पत्र तथा दो-दो फोटो आवेदन पत्र में लगाना अनिवार्य है।




# ग्वालियर में जल्द होगा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच : केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया

### जीडीसीए एवं सीडीसीए की साधारण सभा की वार्षिक बैठक में अंचल की क्रिकेट की बेहतरी को लेकर हुई चर्चा



ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री एवं ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमी जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के साक्षी बनेंगे। ग्वालियर में निर्माणाधीन अत्याधुनिक स्टेडियम अगले 10 से 11माह के भीतर तैयार हो जाएगा। इसके बाद मध्यप्रदेश के कोटे का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच ग्वालियर में खेला जाएगा। श्री सिंधिया ग्वालियर डिवीजन एवं चंबल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशनस की एजीएम (वार्षिक साधारण सभा) को संबोधित कर रहे थे।

रविवार को यहाँ एमआईटीएस के सभागार में आयोजित हुई साधारण सभा की संयुक्त बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने दोनों क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कहा कि क्षेत्र की क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रभावी ढंग से क्रिकेट कैंप आयोजित करें। उन्होंने कहा ज? मजबूत होने पर ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट तक पहुँचा जा सकता है।

श्री सिंधिया ने कहा खुशी की बात है मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने पिछले दो साल में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वेंकटेश अय्यर व आवेश खान अंतर्राष्ट्रीय खिला?ियों में शामिल हो गए हैं और वर्तमान में आईपीएल में खेल रहे हैं। ग्वालियर व चंबल डिवीजन के क्रिकेट खिला?ियों ने भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा वैश्विक महामारी कोविड की वजह से खेल गतिविधियाँ भी कठिन दौर से गुजरी हैं। अब फिर से स्वतंत्र वातावरण में क्रिकेट खिला?ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्सुक हैं। क्रिकेट एसोसिएशन खिला?ियों को हर संभव मदद करेगी। श्री सिंधिया ने सदस्यों को भरोसा दिलाया कि चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा और श्रेष्ठतम खिला?ी ही टीम में शामिल किए जाएँगे।

### चंबल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बने श्री सिंधिया

चंबल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को सर्व सम्मति से एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। श्री सिंधिया ने कहा कि इस नई जिम्मेदारी पर खरा उतरने की वह पुरजोर कोशिश करेंगे और चंबल डिवीजन की क्रिकेट को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की जायेंगी। अभी तक श्री प्रशांत मेहता चंबल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे थे।

### उदयीमान क्रिकेटर यशवर्धन का किया सम्मान

साधारण सभा की बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर के उदयीमान क्रिकेटर यशवर्धन चौहान को क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से बल्ला और नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया। उम्दा क्रिकेट खेलकर नए सचिन तेंदुलकर के नाम से अपनी पहचान स्थापित कर चुके यशवर्धन ने बीते दिनों इंदौर में आयोजित हुए एक प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंट में 425, 235, 391 व 140 रनों की पारियाँ खेलकर एक ही सीरीज में कुल 1303 रन बनाने का कीर्तिमान स्थापित कर देश भर के क्रिकेट विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया है।

#### दो साल बाद देश में फिर 150 उड़ानें प्रारंभ, इनमें 15 इंटरनेशनल

### केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने किया वर्चुअल शुभारंभ

**अब सौ फ़ीसदी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट रविवार से शुरू हो गई है**

ग्वालियर। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार दिन को बेहद महत्वपूर्ण दिन बताया है । उन्होंने कहा कि समर शेड्यूल में रविवार से 150 फ्लाइट डोमेस्टिक और इंटरनेशनल स्तर पर शुरू की गई हैं । इनमें 135 फ्लाइट डोमेस्टिक हैं, जबकि 15 फ्लाइट इंटरनेशनल हैं। दो साल से कोरोना संक्रमण के कारण हवाई यात्रा पर तमाम बंदिशों की वजह से फ्लाइट आने जाने पर एक तरह से प्रतिबंध सा लग गया था। जिसे रविवार से पूरी तरह से हटा दिया गया है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दिल्ली- ग्वालियर- लखनऊ वाया वाराणसी और गोरखपुर के बीच नई फ्लाइट शुरू की है। इस फ्लाइट के लोकार्पण के दौरान श्री सिंधिया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअल रूप से मौजूद रहे। श्री सिंधिया ने इस अवसर पर कहा कि पहले कोरोना संक्रमण काल में एयर बबल्स के आधार पर फ्लाइट की उड़ान को निर्धारित किया गया था । लेकिन अब सौ फ़ीसदी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट रविवार से शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि एयर कनेक्टिविटी का क्षेत्र ज्यादा से ज्यादा हो, जिससे लोगों को किफायती दामों पर यात्रा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नागर विमानन के क्षेत्र में अपार संभावना है । प्रधानमंत्री जी की संकल्पना को नई उमंग और ऊर्जा के साथ जहां हमारे राष्ट्रीय विमानतलों को अधोसंरचना के माध्यम से सुदृढ़ किया जा रहा है वहीं लोगों को देश के हर हिस्से की कनेक्टिविटी के लिए हवाई यात्रा की सुविधा भी सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश के करीब 91 लाख यात्रियों को पौने दो लाख फ्लाइट के जरिए उड़ान की सुविधा दी गई है।




# श्री राम के सिद्धांत और श्री कृष्ण के वचन मानव धर्म के आदर्श : आचार्य श्री अरविंद




**आगरा के मंडलायुक्त अमित गुप्ता और नगर निगम कमिश्नर किशोर कान्याल भी कथा में पहुंचे**

ग्वालियर। भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण दोनों ही मानव जीवन के आदर्श और इष्ट रहेंगे। भगवान श्री राम और भगवान श्रीकृष्ण दोनों ही हमारी नैय्या को पार लगाने वाले खेवनहार हैं। दोनों के स्मरण से ही हमारा कल्याण हो जाता है। भगवान श्री राम ने जो किया वह मानवता धर्म के लिये किया और भगवान श्रीकृष्ण ने जो कहा उसे निभाना मानव धर्म है। दोनों का कारण ही धर्म है। यदि इंसान इन्हें अपना ले तो समूचे संसार से दुखों का निवारण हो जायेगा और हमें भागवत शरण की प्राप्ति होगी।

उक्त उदगार आचार्य श्री अरविंद जी महाराज ने व्यक्त किये वह अचलेश्वर बिहार कालोनी कांती नगर में श्रीमद भागवत कथा के छटवे दिन प्रभु श्री राम और श्री कृष्ण की महिमाओं का वर्णन कर रहे थे। आचार्य श्री ने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्शो को जीवन में उतारें और भगवान श्री कृष्ण के वचनों को जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि हम पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण में अपनी धर्म , संस्कृति , आचार, व्यवहार को ही भूलते जा रहे हैं जबकि यह सब मनुष्य के जीवन रूपी मूल्य हैं। आचार्य श्री ने कहा कि लोगों को देखिये पैर छूने के लिये उन्हें झुकने में ही कष्ट होता है जबकि पैर छूने के लिये हमें इतना झुकना चाहिये कि हमारी पीठ पर दृष्टि धर्म की पड जाये तो अधर्म भाग जाता है। आचार्य श्री ने बताया कि धर्म आंखों में होता है और अधर्म हमेशा पीठ पर होता है। अत~ जो पैर छूता है उसकी पीठ पर बैठा अधर्म पैर छुलवाने वाले की आंखों में बैठे धर्म की दृष्टि से ही भाग खडा होता है।

आचार्य श्री अरविंद जी महाराज ने मां की महिमा का भी वर्णन किया उन्होंने कहा कि संतान कुसंतान हो सकती है लेकिन माता कुमाता नहीं होती वह सदा अपने बच्चों का कल्याण ही सोचती है। इसलिये माता के प्यार , स्नेह को हमेशा जेहन में रखें। मां का ऋण कभी उतारा नहीं जा सकता। आचार्य श्री ने कहा कि ईश्वर को आप जैसा रूप में देखोगे वह वैसा ही दिखेगा। आव अपने भोजन से पहले ठाकुर जी को भोग लगायेंगे तो वह भोजन अमृत रूपी भोज्य प्रसाद बन जाता है। और मन में सदा सात्विक विचार ही आयेंगे। इससे पूर्व आज भगवान श्रीकृष्ण और रूकमणी का विवाह का भी प्रसंग कराया गया। इस मौके पर महारास भी संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में महारास में शिरकत की। आज अचलेश्वर बिहार पार्क में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छटवे दिन नगर निगम कमिश्नर किशोर कान्याल , आगरा के मंडलायुक्त अमित गुप्ता व जेके टायर के एडवाइजर राजू पी कुलकर्णी भी पहुंचे। इस मौके पर महाराज श्री ने नगर निगम कमिश्नर किशोर कान्याल, आगरा के मंडलायुक्त अमित गुप्ता , राजू पी कुलकर्णी का अभिनंदन किया वहीं तीनों ने भी महाराज श्री का शाल पहनाकर अभिनंदन किया।



# मप्र दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता की चैंम्पियन बनी एमपी स्टार्स



ग्वालियर। मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एशोसिएशन एवं निशक्तजन खेल एवं कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित की जा रही 3 दिवसीय मप्र दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फायनल मैच एमपी स्टार्स एंव एमपी हीरोज के बीच खेला गया। जिसमें एमपी हीरोज ने पहले खेलते हुए एमपी स्टार्स को 114 रन का लक्ष्य दिया। आखिरी बॉल तक चले कांटे के मुकाबले में एमपी स्टार्स की टीम ने आखिरी बॉल पर विजयी चौका मारकर मप्र दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम की। महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के हरेभरे क्रिकेट मैदान पर निशक्तजन खेल एवं कल्याण समिति ग्वालियर को दिव्यांग क्रिकेट का संचालन व सेवा करते हुए 20 वर्ष के उपलक्ष्य में नगर निगम, एलआईसी, ट्रोपोलाइट प्रा लिमिटेड, जे मीडिया के सहयोग से आयोजित की जा रही मप्र दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में मप्र बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्री देवेन्द्र तोमर ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्री मितेन्द्र दर्शन सिंह एवं ट्रोपोलाइट प्राइवेट लिमिटेड के एचआर हेड श्री आलोक उपाध्याय सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत सचिव संजय सिंह तोमर एवं सहसचिव उमेश गुप्ता, श्री राजीव दुबे द्वारा किया गया। सभी अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को चमचमाती ट्राफी प्रदान की गई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478